दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



फिटनेस को लाइफ के लिए..........

सर्दियों की कॉमन ........

वर्ष : 10 | अंक : 346 | लखनऊ, 29 नवम्बर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# अडानी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार

## वक्फ बिल पर बढ़ा JPC का कार्यकाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद का शीतकालीन सत्र चौथे दिन में प्रवेश कर गया और गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। हालांकि, स्थितियां पहले की ही तरह रही। विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष के हंगामे के बीच संसद शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बार-बार हंगामे के कारण चौथे दिन भी काम नहीं हो पाया। संसद के शुरूआती दिन काफी हद तक अनुत्पादक रहे क्योंकि विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों को स्थगित कर दिया गया। वहीं, खबर है कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बांग्लादेश की स्थिति पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों में कल बयान दे सकते हैं।

केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुईं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को निचले सदन की सदस्यता की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि जनता के जरूरी मुद्दों को उठाना, देश और पार्टी के लिए काम करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा वह संविधान के उसूलों के लिए लड़ाई लड़ेंगी। प्रियंका ने हिंदी में शपथ ली और इस दौरान उन्होंने संविधान की एक प्रति अपने हाथ में ले रखी थी। महाराष्ट्र के नांदेड़ से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता रवींद्र बसंतराव चव्हाण ने भी सदन की सदस्यता की शपथ ली।

लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) समेत विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से जुड़े मामले तथा उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के मुद्दे को लेकर हंगामा किया, जिस वजह से सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही, सदन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने को मंजूरी दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी ने मिलकर फैसला किया था कि कौन सा विधेयक आएगा और कब आएगा...जो बाकी मुद्दे हैं उन पर चर्चा का अलग अलग नियम बना हुआ है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों पर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और फिर बताया कि उन्हें अदाणी मुद्दे, मणिपुर के हालात और संभल हिंसा पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत कुल 16 नोटिस मिले हैं।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा निंदनीय : अशोक गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा और समुदाय के नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने केन्द्र सरकार से वहां रहे हिन्दू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में लिखा, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ लगातार जारी हिंसा एवं इस हिंसा के खिलाफ लगातार बोल रहे श्री चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी निंदनीय है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से ही हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा जारी है परन्तु नयी सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाए हैं। 1970 के दशक में जब ऐसी गतिविधियां हुई थीं तब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने सख्त कदम उठाकर वहां हिंदुओं एवं सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार को हस्तक्षेप कर वहां रह रहे हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# वायनाड से जीत के बाद प्रियंका गांधी ने सांसद के रूप में शपथ ली

## कार्यक्रम में केरल की मशहूर कसावु साड़ी पहनी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केरल के वायनाड से जीतने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली और केरल कसावु साड़ी पहनी, जो मलयाली उत्सवों में आम तौर पर सुनहरे बॉर्डर वाली एक प्रमुख ऑफ-व्हाइट साड़ी होती है। उनकी पोशाक वायनाड में सक्रिय रूप से काम करने का एक सूक्ष्म संकेत लग रही थी। हाथ में संविधान की किताब लिए 52 वर्षीय प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और संसद में बैठे सांसदों की मौजूदगी में शपथ ली। उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और उनके बच्चे, और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे निचले सदन की गैलरी में मौजूद थे। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा में प्रवेश के साथ, संसद में अब दशकों में पहली बार गांधी परिवार के तीन सदस्य हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी जहां लोकसभा में बैठेंगे, वहीं उनकी मां सोनिया गांधी 2024 के लोकसभा चुनावों में रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का विकल्प चुनने के बाद राज्यसभा में हैं। वायनाड और रायबरेली दोनों से जीतने वाले राहुल गांधी ने अपने पारिवारिक गढ़ को बरकरार रखने का फैसला किया और वायनाड को खाली कर दिया, जिसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा को वहां से मैदान में उतारा गया। उन्हें 6.22 लाख वोट मिले और उन्होंने अपने निकटतम सीपीएम प्रतिद्वंद्वी सत्यन मोकेरी को चार लाख से अधिक वोटों से हराया, जो 2024 के चुनावों में राहुल गांधी को मिले वोटों से अधिक है। अपनी जीत के बाद, प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह संसद में लोगों की आवाज बनने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ₹आपने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ, आपको वास्तव में यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस व्यक्ति को आपने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है, वह आपकी उम्मीदों और सपनों को समझता है और आपके लिए लड़ता है। मैं संसद में आपकी आवाज बनने के लिए उत्सुक हूं।

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 33.c |
| न्यूनतम तापमान | 24.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,634.72 |
| निफ्टी | 25,013.85 |

# भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों का एक वीडियो संकलन साझा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान अक्सर पारंपरिक भारतीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय संस्कृति विश्व स्तर पर गूंज रही है। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे अपने इतिहास और संस्कृति के प्रति अपार उत्साह दिखाई देता है, जो बेहद खुशी की बात है। वीडियो में लोगों को ऑस्ट्रिया में वंदे मातरम गाते और पोलैंड और मास्को (रूस) में गरबा, कजान (रूस) में ढोलिडा, भूटान में डांडिया रास, सिंगापुर में भरतनाट्यम और लाओस और ब्राजील में रामायण गाते हुए दिखाया गया है। इसमें भूटान के कलाकार भी शामिल थे, जो प्रधानमंत्री का उल्लेख करते हुए एक गीत गा रहे हैं।

# और आज एक धमाका भी हो गया, गृहमंत्री जी, नींद से जागिए...

## दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र पर बरसे केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'बिगड़ती' कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर सवाल उठाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। पिछले 1-1.5 साल से दिल्ली में अपराध बढ़ रहे हैं। व्यापारियों को रंगदारी के लिए फोन आ रहे हैं, हत्या और छेड़छाड़ के मामले बढ़ रहे हैं।

आप नेता ने कहा कि कई सालों के बाद दिल्ली में गैंगवार देखने को मिल रही है। आज लोग कहते हैं कि दिल्ली दुनिया की सबसे असुरक्षित राजधानी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में मर्डर, रंगदारी, लूट और लगातार बढ़ते क्राइम से जनता पहले से ही डर के साये में है और आज एक धमाका भी हो गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आराम से और सुरक्षित जीने का सबको अधिकार है। गृहमंत्री अमित शाह जी, कृपया नींद से जागिए और अपनी जिम्मेदारी निभाइए।

उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के घर से चंद किलोमीटर दूर महिलाओं के साथ खतरनाक घटनायें हो रही हैं लेकिन अमित शाह जी कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह जी, आप अरविंद केजरीवाल को नहीं अपराध और गुंडों को रोकिए। दिल्ली में व्यापारियों को खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं और गोलियां चलाई जा रही हैं। आज वह डरकर दिल्ली छोड़ रहे हैं। दिल्ली में व्यापार करना कठिन हो गया है।

आप प्रमुख ने विशेष रूप से अपराधों को संबोधित करने और निवासियों को सुरक्षा की भावना प्रदान करने में केंद्र सरकार की ओर से कार्रवाई की कमी पर भी निराशा व्यक्त की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में गृह मंत्री अमित शाह के आवास के आसपास अपराध की घटनाओं को दर्शाने वाला एक नक्शा साझा किया। दिल्ली पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आती है। केजरीवाल की यह टिप्पणी फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आई है। आप ने दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से जीत हासिल की है।

## संक्षिप्त समाचार

# अब अजमेर दरगाह शरीफ का होगा सर्वे!

### शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर, शुरू हुई सियासत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

संभल, उत्तर प्रदेश में संभल जिला जहां शाही जामा मस्जिद के अदालत के आदेश पर किए गए सर्वेक्षण के बाद तनाव देखने को मिला। वहीं अब राजस्थान के अजमेर की एक स्थानीय अदालत ने बुधवार को प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और अजमेर दरगाह समिति को नोटिस जारी किया। याचिका हिंदू सेना प्रमुख विष्णु गुप्ता द्वारा दायर की गई थी, जिन्होंने दावा किया था कि अजमेर शरीफ दरगाह में काशी और मथुरा की तरह एक मंदिर था। वादी विष्णु गुप्ता के अधिवक्ता योगेश सिरोजा ने अजमेर में संवाददाताओं को बताया कि वाद पर दीवानी मामलों के न्यायाधीश मनमोहन चंदेल की अदालत में सुनवाई हुई। सिरोजा ने कहा कि दरगाह में एक शिव मंदिर होना बताया जा रहा है। उसमें पहले पूजा पाठ होता थाड्ड पूजा पाठ दोबारा शुरू करवाने के लिये वाद सितंबर 2024 में दायर किया गया। अदालत ने वाद स्वीकार करते हुए नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अजमेर दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कार्यालय-नयी दिल्ली को समन जारी हुए हैं। हालांकि, अब इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। अकटकट सांसद असदुद्दीन औवेसी ने कहा कि यह दरगाह पिछले 800 वर्षों से वहां मौजूद है। नेहरू से लेकर कई प्रधान मंत्री दरगाह पर चादर भेजते रहे हैं। पीएम मोदी भी वहां चादर भेजते हैं। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी-आरएसएस ने मस्जिदों और दरगाहों को लेकर ये नफरत क्यों फैलाई है? निचली अदालतें पूजा स्थल कानून पर सुनवाई क्यों नहीं कर रही हैं? इस तरह कानून का शासन और लोकतंत्र कहां जायेगा? यह देश के हित में नहीं है।

# बंगाल सरकार स्वास्थ्य साथी योजना के तहत खर्च में वृद्धि की जांच कर रही है: ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान राज्यभर में स्वास्थ्य साथी योजना के तहत खर्च में बढ़ोतरी हुई, जिसके बाद सरकार को मामले की जांच करानी पड़ी। बनर्जी ने विधानसभा में कहा, उस समय (आरजी कर अस्पताल की घटना के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान) स्वास्थ्य साथी योजना के तहत खर्च में भारी वृद्धि हुई थी। हम जांच कर रहे हैं। दोषियों को सजा दी जाएगी। एक सर्वेक्षण से पता चला है कि पीड़ित महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर कनिष्ठ चिकित्सकों के प्रदर्शन के दौरान निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य साथी योजना के तहत मरीजों के इलाज पर राज्य के खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। स्वास्थ्य साथी योजना राज्य सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके तहत प्रति परिवार को चिकित्सा देखभाल के लिए प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की आर्थिक मदद मिलती है।

# चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



रांची, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोरेनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में सोरेन का यह चौथा कार्यकाल है। सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी अगली पारी से पहले अपने पिता और पार्टी संस्थापक शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया। झारखंड के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस नेता तारिक अनवर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, निर्दलीय सांसद पप्पू यादव सहित विपक्ष के कई शीर्ष नेता शामिल हुए। झारखंड के 14वें सीएम के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद उनकी बहन और जेएमएम नेता अंजनी सोरेन का कहना है, ₹आज पूरा झारखंड खुश है... हमें पहले से ही यह उम्मीद थी कि हम पूर्ण बहुमत से जीतेंगे।

# संभल के पत्थरबाजों को पकड़ाओ ईनाम पाओ

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। संभल में जामा मस्जिद का सर्वे कराये जाने के दौरान पत्थरबाजी करने वालों के बुरे दिन शुरू हो गये हैं। योगी सरकार ने पत्थरबाजों के पोस्टर चौक-चौराहों पर लगाने के साथ इन पत्थरबाजों को पकड़ने में सहयोग करने वालों को ईनाम भी दे रही है। जामा मस्जिद में मंदिर होने का दावा पेश किए जाने पर हुए दूसरे चरण के सर्वे के दौरान हिंसा फैलाने वाले 250 आरोपितों के पोस्टर पुलिस प्रशासन की ओर से जारी किए गए हैं। इन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के साथ ही शहर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किये जा रहे हैं। इनकी पहचान कर पता बताने वालों का नाम गोपनीय रखते हुए उन्हें इनाम भी दिया जाएगा। इसके साथ ही बवाल के बाद फरार हुए उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए एक दर्जन से अधिक टीमें गठित की गई हैं, जो आसपास क्षेत्र के अलावा दिल्ली और उसके आसपास व उत्तराखंड में भेजी गई हैं। इसके साथ ही जिन 27 लोगों को जेल भेजा जा चुका है उनका डाटा खंगाला जा रहा है।

संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के अनुसार, जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उनपर बलवा समेत अन्य धाराएं लगाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून यानी एनएसए के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जो लोग भी पत्थर बरसाने, आगजनी करने करने और फायरिंग करने वाले थे उनमें से अधिकांश ड्रोन कैमरों और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं। जिनकी फुटेज निकाली जा चुकी हैं और उनके पोस्टर भी तेयार कराए गए हैं। जो भी इनके बारे में सूचना देगा उसे पुलिस प्रशासन की ओर से इनाम भी दिया जाएगा। कुछ महिलाएं भी पत्थरबाजी करते समय कैमरों में कैद हो गईं हैं, इनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# महाराष्ट्र के नए सीएम पर दिल्ली में मंथन

## अमित शाह के साथ शिंदे, फडणवीस और पवार की बैठक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा, अभी भी यह सवाल बना हुआ है। महायुति की जबरदस्त जीत के बाद नए मुख्यमंत्री को लेकर मंथन जारी है। आज दिल्ली में गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार के साथ बैठक हो रही है। यह तीनों नेता ने सीएम के नाम के मंथन को लेकर दिल्ली में मुलाकात कर रहे हैं। कहीं ना कहीं जो सूत्र बता रहे हैं उसके मुताबिक देवेंद्र फडणवीस का नाम मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे है।

दावा किया जा रहा है कि जिस तरीके से महाराष्ट्र में चुनाव परिणाम आए हैं, उसके बाद भाजपा के ही मुख्यमंत्री बनेंगे। एकनाथ शिंदे ने बुधवार को ही प्रेस कांफ्रेंस करके यह कह दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का जो भी फैसला होगा, उसे सेवा मंजूर करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई अड़चन नहीं है। हम सब एनडीए के नेता हैं और हमारे जो प्रमुख नेता हैं, उनके कहे अनुसार काम होगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की ऐतिहासिक जीत के कुछ दिनों बाद शिंदे ने मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो गया। राज्य विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की जीत के बाद महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री की घोषणा में देरी हो रही है। कथित तौर पर, एकनाथ शिंदे के खेमे के विधायकों को उम्मीद है कि मौजूदा मुख्यमंत्री अपने पद पर बने रहेंगे, उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन की जीत में उनके नेतृत्व को एक महत्वपूर्ण कारक बताया। चुनाव 20 नवंबर को हुए थे और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे।

सूत्रों ने कहा कि एकनाथ शिंदे अपनी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण विभागों पर नजर गड़ाए हुए हैं, उन्होंने कहा कि उनके पास शहरी विकास और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) मंत्रालय बरकरार रहने की संभावना है। इसके अलावा, शिंदे राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, उद्योग और सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों पर भी जोर दे रहे हैं। शिंदे केंद्र में एक कैबिनेट पद और एक राज्य मंत्री की भूमिका भी मांग सकते हैं।

## संक्षेप

### बेखौफ चोरों ने बंद मकान को अपना निशाना बनाकर गहने और नगदी किया पार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत के गहने और नगदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामला दर्ज कराया है। बिजनौर के औरंगाबाद जागीर स्थित विनायक सिटी कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार मौर्य के मुताबिक वह अपने भाई हरिकेश बहादुर के साथ यहां रहते हैं। दिनेश का कहना है बीती 25 नवंबर को शाम करीब 5 बजे वह अपने घर में ताला बंद कर पारिवारिक वैवाहिक समारोह में शामिल होने अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ चले गए थे। अगले दिन सुबह पड़ोसी राकेश पाल से मेन गेट खुला होने की सूचना मिली। तब उन्होंने वापस घर पहुंचकर देखा तो घर में रखी कीमती ज्वेलरी और कुछ नगदी गायब मिली। इसके बाद दिनेश ने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगाने के लिए आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने सभांला कार्यभार

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज कोतवाली के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने गुरूवार को कार्य भार ग्रहण के बाद उपनिरीक्षको व पुलिसकर्मियो के साथ पहली बैठक में कहा कि अपराधियों की धरपकड़ तथा क्षेत्र में अमन शांति कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा देना, क्षेत्र की जनता की आई विभिन्न समस्याओं को सुनना तथा उनका निस्तारण करना भी प्रमुख कार्य रहेगा।उन्होने कहा पुलिसकर्मियों की समस्याओं का निस्तारण करके परिवार जैसा वातावरण देकर अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

# ड्यूटी पर से लौट रहे संविदा कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक रिषीकांत फाइल – फोटो

लखनऊ। ड्यूटी पर से वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था में युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माल थाना क्षेत्र के ग्राम नबीपनाह निवासी रिषीकांत (30) मेडिकल कॉलेज में संविदा कर्मी रूप में कार्यरत है, रोज की तरह वह ड्यूटी करके बुधवार शाम अपने घर लौट रहा था तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिद नगर के पास तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायल अवस्था में युवक को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रोली मौर्य, दस माह का बेटा अथर्व व मृतक के माता पिता है। वहीं परिजनों ने बृहस्पतिवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के चाचा शिव भोले की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर. घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से उसकी तलाश की जा रही है।

# सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी बूथ समिति करें गठित - आनंद द्विवेदी

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ महानगर कार्यालय पर मण्डल अध्यक्षों और मंडल चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी नए संगठन में भी सभी जातियों और वर्गों के समायोजन का ध्यान रखना है और बूथ समिति को सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी बनाना है। महिलाओं और दलितों के समावेश का विशेष ध्यान रखना है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबों, असहायों और हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता का विश्वास बढ़ा है बूथ को संगठन की रीढ़ बताते हुए सक्रिय बूथ अध्यक्ष बनाए जाने पर बल दिया। बूथ समिति एवं बूथ रजिस्टर बनाने का कार्य निर्धारित अवधि के अंतर्गत मंडल चुनाव अधिकारी की देखरेख में पूरा करना है। बूथ समिति सदस्यों में बूथ अध्यक्ष, व्हाट्सएप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, मन की बात प्रमुख, बी एल ए, कार्यक्रम प्रमुख में मातृशक्ति को भी उपयुक्त प्रतिनिधित्व देना है। मंडल चुनाव अधिकारियों को बूथों पर जाकर भौतिक रूप से समितियों के गठन का सत्यापन करना है। सभी बूथों पर 6 दिसम्बर को डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, मध्य विधान सभा उपविजेता रजनीश गुप्ता, मान सिंह, रमेश तूफानी, उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल, अशोक तिवारी, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अभिषेक खरे, चेतन विष्ट, विनायक पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तिलक समारोह में मारपीट करने वाले गुज्जर गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बैरीसालपुर गांव में दिलीप चौरसिया के बेटे प्रांशू के तिलक समारोह में डांस के दौरान रोहित के अभद्रता करने पर हिमांशु समेत परिजनो ने उसे टोक दिया था जिसके बाद नाराज रोहित ने गुज्जर गैंग के साथियो को फोन कर दिया था कुछ ही देर में गैंग के दो दर्जन से अधिक युवको ने बाइको से मौके पर पहुंचकर हिमांशु समेत उसके परिजनो व रिश्तेदारो की जमकर पिटाई के साथ दो वाहनो में तोड़फोड़ की थी।पीड़ित दिलीप चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया घटना के बाद से फरार आरोपियो की तलाश में जुटी मोहनलालगंज पुलिस ने गुरूवार को दो आरोपी रोहित निवासी बैरीसालपुर व शिवसागर निवासी शेरपुर लवल थाना निगोहां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।वही फरार अन्य आरोपियो को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।वही गुज्जर गैंग पर शिकंजा कसने की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# सिलबट्टे से कूचकर लिव-इन पार्टनर की हत्या

**सात महीने से रह रहे थे साथ; आरोपी गिरफ्तार**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। अयोध्या रोड स्थित नेवाजपुर गांव में मंगलवार देर रात ऑटो चालक ने विवाद के बाद सिलबट्टे से कूचकर 43 वर्षीय लिवइन पार्टनर अंजली की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया था। बीबीडी पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ कर आरोपित के पास से घटना में प्रयुक्त सिलबट्टा बरामद कर लिया।

एसीपी विभूतिखंड राधारमण सिंह ने बताया कि मृतका अंजली मूल रूप से सीतापुर की रहने वाली थी। बाराबंकी स्थित निजी अस्पताल में सफाई कर्मी थी। करीब आठ वर्ष पहले पति संजय से विवाद हो गया था। इसके बाद से निवाजपुर में किराये के मकान में रहने लगी। सात महीने पहले अंजली बाराबंकी निवासी ऑटो चालक देवा के साथ लिव-इन में रहने लगी थी।

जांच में सामने आया कि मंगलवार रात दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बात बढ़ने पर देवा ने किचन में रखे सिलबट्टे से अंजली का सिर कूच दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में अंजली को लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से नेवाजपुर के पास से देवा को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया मृतका के परिवारीजन को सूचना दी गई है।

# कोहरे की वजह से पूर्वोत्तर रेलवे ने 22 ट्रेनों को किया निरस्त, कुछ गाड़ियों के फेरे भी घटाये गये

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे ने कोहरे की वजह से 22 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। यह ट्रेनें एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनों के फेरे भी घटाए गए हैं, ताकि कोहरे के दौरान ट्रेनों का सामान्य और संरक्षित संचालन हो सके।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कोहरे में ट्रेनों की गति कम होने से लाइन क्षमता कम हो जाती है, जिस कारण ट्रेनों की संख्या में कमी की जाती है। निरस्त की गई ट्रेनों की जानकारी 139 नंबर के साथ ही ऑनलाइन बुकिंग सेवाओं पर भी मिलेगी।

ट्रेन संख्या 12583 लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनल व 12584 आनंद विहार टर्मिनल-लखनऊ जं. एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक, 12595 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस दो दिसंबर से 27 फरवरी, 12596 आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 28 फरवरी, 15057 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस पांच दिसंबर से 27 फरवरी, 15058 आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस चार दिसंबर से 26 फरवरी, 15059 लालकुआं-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 27 फरवरी, 15060 आनंद विहार टर्मिनल-लालकुआं एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 27 फरवरी, 15081 नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस दो दिसंबर से एक मार्च, 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी। ऐसे ही 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर दो दिसंबर से आठ जनवरी, 12209 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 25 फरवरी, 12210 काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस दो दिसंबर से 24 फरवरी, 14213 वाराणसी जं.-बहराइच एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी, 14214 बहराइच-वाराणसी एक्सप्रेस दो दिसंबर से एक मार्च, 14523 बरौनी-अंबाला कैंट एक्सप्रेस पांच दिसंबर से 27 फरवरी, 14524 अंबाला कैंट-बरौनी एक्सप्रेस तीन दिसंबर से 25 फरवरी, 14615 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस सात दिसंबर से 22 फरवरी, 14616 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस सात दिसंबर से 22 फरवरी, 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस तीन दिसंबर से दो मार्च, 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस एक दिसंबर से 28 फरवरी तक निरस्त रहेंगी।

## ये ट्रेनें भी रहेंगी निरस्त

12529/12530 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 12571/12572 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस, 15035/15036 काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस, 15054/15053 छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 15079/15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 15119/15120 देहरादून-बनारस, 15127/15128 नई दिल्ली-बनारस, 15159/15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस, 25035/25036 रामनगर-मुरादाबाद, 15025/15026 आनन्द विहार टर्मिनल-मऊ, 15074/15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस, 15076/15075 शक्तिनगर-टनकपुर, 15903/15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 15621/15622 आनन्द विहार टर्मिनल-कामाख्या, 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली/12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी, 15909/15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़, 11123/11124 बरौनी-ग्वालियर, 11109/11110 वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी-लखनऊ जं., 12180/12179 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं, 13019/13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस अलग-अलग तारीखों में निरस्त की गई हैं।

# स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक आलोक राव को पुलिसकर्मियों ने दी विदाई

**(नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह को पुष्पगुच्छ भेटकर किया स्वागत**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आलोक राव का स्थांतरण बुद्धवार को पुलिस लाइन हो गया था।गुरूवार को पुलिसकर्मियों ने कोतवाली परिसर में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।पुलिसकर्मियों सहित क्षेत्रीय लोगो व पत्रकारो ने स्थानांतरित निरीक्षक आलोक राव को फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह को पुलिसकर्मियो ने पुष्प गुच्छ देरक स्वागत किया। समाजसेवी अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि साढे ग्यारह महीने के अपने कार्यकाल में निरीक्षक आलोक राव ने कानून व्यवस्था, शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसको क्षेत्रवासी कभी भूल नही सकते हैं।वरिष्ठ पत्रकार ललित दीक्षित ने कहा कि निरीक्षक आलोक राव ने किसी भी प्रकार की जटिल समस्याओं को अपने अनुभव से बखूबी हल कर लेते थे। वें काफी व्यवहार कुशल व्यक्ति थे।अतिरिक्त इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने कहा कि निरीक्षक ने मातहत व कर्मियों को बहुत कुछ सिखाया है।विदाई समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा कि उन्हें जो सम्मान मिला है उनके जीवन की अमूल्य निधि है।उन्होंने अपने साढे ग्यारह माह के कार्यकाल के दौरान बिताए गये पलों को साझा करते हुये क्षेत्रवासियों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ।इस मौके पर नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक रामबाबू सिंह, गीतम सिंह, पत्रकार ललित मिश्रा, अनुराग सिंह, अनुपम मिश्रा, राघवेन्द्र तिवारी, मनोज यादव ,नितिन जायसवाल, देवव्रत तिवारी समेत सभी उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी रहे मौजूद।

# मजाक करने पर मां बेटी ने युवक को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक संतोष फाइल – फोटो

लखनऊ। एक युवक को पड़ोस की महिला के साथ मजाक करना भारी पड़ गया. मजाक करने पर महिला ने बेटी के साथ मिलकर युवक की पिटाई कर दी. जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. घटना एक सप्ताह पहले की बताई जा रही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरवा निवासी संतोष (40) बीते 20 नवंबर को अपने घर के बाहर बैठा था. तभी पड़ोस की महिला जो रिश्ते में भाभी लगती है वो अपनी बेटी के साथ वहीं से गुजर रही थी। तभी संतोष ने कुछ मजाक कर दिया और महिला बुरा मान गई और संतोष को पीटने लगी इस दौरान वह बेसुध हो गया. आनन फानन में परिजन उसे गांव के ही एक निजी अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज चल रहा था। बुधवार देर रात संतोष की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महिला से मारपीट में गांव में ही दोनों पक्षों में हो गया था समझौता। ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बीते करीब एक माह पहले घर पर ही करंट लगने से संतोष झुलस गए थे। उनका इलाज चल रहा था। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया की मृतक को कुछ दिन पहले बिजली का करंट लग गया था जिसका इलाज चल रहा था. पिटाई के मामले में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# एडीसीपी ने मोहनलालगंज तहसील पहुंचकर नामाकंन कक्ष की परखी सुरक्षा



**अमेठी नगर पंचायत में सभासद पद के उपचुनाव के लिये एक नामकंन पत्र बिका**

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज।अमेठी नगर पंचायत के वार्ड न०11 चौहट्टा में सभासद के रिक्त पद के उपचुनाव के लिये मोहनलालगंज तहसील में बने नामाकंन कक्ष में गुरूवार को नामाकंन पत्रो की बिक्री शुरू हुयी।सुबह से देर शाम तक एक नामाकंन पत्र की बिक्री हुयी।एडीसीपी दक्षिणी राजेश यादव ने एसीपी रजनीश वर्मा ने इंस्पेक्टर अमर सिंह व अतिरिक्त इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह के साथ तहसील के प्रथम तल पर बने नामाकंन कक्ष पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया।एडीसीपी राजेश यादव ने नामाकंन कक्ष के बाहर ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियो को सुरक्षा के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।एडीसीपी ने नामाकंन कक्ष में मौजूद एआरओ अनुपम वर्मा से नामाकंन से लेकर चुनाव प्रक्रिया की जानकारी ली।ज्ञात हो मोहनलालगंज तहसील के अन्तर्गत आने वाली अमेठी नगर पंचायत के चौहट्टा वार्ड न०11 के सभासद महबूब आलम की तीन माह पहले कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी, तब ये सभासद पद की सीट रिक्त चल रही थी।

# रालोद की नवनिर्वाचित विधायक का प्रदेश कार्यालय पर किया गया भव्य स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊ। विधानसभा उपचुनाव में मीरापुर से राष्ट्रीय लोकदल उम्मीदवार के रूप में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने वाली विधायक मिथिलेश पाल का निर्वाचित होने के बाद आज लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय आने पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती पाल ने मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और चौधरी अजित सिंह नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जयन्त चैधरी के कुशल नेतृत्व को दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत करते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की विधायक मिथिलेश पाल की जीत से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। स्वागत करने वालो में प्रदेष उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना एवं आमिर साबरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विद्युत ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले जा रहे युवक को विद्युत कर्मियों ने रंगे हाथों धर दबोचा

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार शाम विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर की पटिया और कॉपर के यू कॉन्टैक्ट चोरी कर ले जा रहे एक युवक को विद्युत कर्मियों ने रंगे हाथों धर दबोचा। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर के 33 /11 केवी मानसरोवर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता दिनेश कुमार चौहान के मुताबिक बुधवार दोपहर बाद उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कानपुर दिल्ली ट्रांसपोर्ट के पास स्थित ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई बाधित होने की सूचना मिली। इसके बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां एक युवक ट्रांसफार्मर से कॉपर की एक पटिया और कॉपर के छह यू कांटेक्ट खोलकर प्लास्टिक की बोरी में रख चुका था। जैसे ही टीम ने उसे रोका तो वह बोरी लेकर भागने लगा। लेकिन विद्युत टीम ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम पारा थाना अंतर्गत नाजिम नगर मोहल्ला स्थित जैन आटा चक्की के पास रहने वाला सोनू शुक्ला बताया। टीम ने बरामद चोरी के सामान सहित उसे पकड़ कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# तहसील वार राजस्व कार्यों की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। कलेक्टेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा तहसील वार राजस्व कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी।

राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराना सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी राजस्व न्यायालय में पांच वर्ष से अधिक समय से लम्बित राजस्व वाद शेष नहीं रहना चाहिए। उन्होने कहा कि तहसील स्तर से जारी होने वाले विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों को जारी करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में गुड प्रैक्टिसिस को अमल में लाए तथा आम लोगो की शिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध निस्तारण करें। राजस्व संबंधी समस्त कार्य शासन की मंशा के अनुरूप ही किये जाएं। उन्होने कहा कि धारा-24, धारा-116, धारा-80, अविवादित वरासत व दाखिल-खारिज आदि के वाद/शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करें तथा जमीन का आवंटन पात्र व्यक्ति का चिन्हांकन करने के उपरान्त ही करें। विभाग में लम्बित आईजीआरएस/ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण किया जाए ताकि एक ही समस्या को लेकर लोगों को बार-बार शिकायत न करना पडे। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि ग्राम सभा में चकमार्ग व सार्वजनिक उपयोग की भूमि से अतिक्रमण हटवाएं तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सम्पत्ति रजिस्टर बनवाकर उसे नियमित रूप से अपडेट करें। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे/अतिक्रमण से सम्बन्धित शिकायतों पर कार्यवाही हेतु जनपद व तहसील स्तर पर गठित एंटी भू-माफिया टॉस्क फोर्स के जरिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को बिना किसी विलम्ब के निर्धारित सहायता/धनराशि उपलब्ध करायी जाए। धारा-34, भूमि-विवाद व पैमाइश के वादों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, नगर मजिस्टेट राजीव राज, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव सहित समस्त उप जिलाधिकारी गण, तहसीलदार, समस्त प्रशासनीक अधिकारी व अन्य पटल सहायक आदि मौजूद रहे।

# कस्बे में बाइक चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

बिंदकी/ फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के कोतवाली बिंदकी कस्बे में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक तथा जोनिहा चौकी इंचार्ज राज बहादुर ने हमराही सिपाहियों के साथ कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के बरदरा मोड़ से बाइक चोरी करने के आरोपी सूरज उर्फ अंकित निवासी रावतपुर थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने गुरुवार को कानूनी कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा गया है।

## संक्षेप

### हर हाल में हो सनातन बोर्ड का गठन - देवकीनंदन मिश्र जी महाराज

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सनातन धर्म प्रचारक एवं धर्मआचार्य पं देवकीनंदन मिश्र उर्फ टीटू महाराज ने मुख्यमंत्री योगी के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन करते हुए कहा कि मैंने कई धर्म सभाओं के दौरान भी कहा था कि बंटोगे तो कटोगे। क्योंकि जब भी हिंदू धर्म को क्षति पहुंचेगी, वह संपूर्ण मानवता के लिए कष्टकारी होगा। इसलिए सनातनियों और हिंदुओं को एकजुट होकर रहना पड़ेगा। यह निश्चित है कि बंटोगे तो कटेंगे और देश का हिस्सा भी बंटेगा। इस समय सनातन के जागरण का प्रचंड उत्सव चल रहा है। वहीं सनातन बोर्ड के गठन की भी मांग उठाते हुए सभी भागवत आचार्य, पुजारी तथा कर्मकांडी ब्राह्मणों से अपील कि सभी अपने अपने माध्यमों से प्रचार करते हुए सनातन धर्म के लिए सनातन बोर्ड के गठन की मांग को तेज करें आगामी महाकुंभ को देखते हुए पंडित देवकीनंदन एवं टीटू महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने मांग को जायज बताते हुवे कहा कि मेला क्षेत्र में किसी भी मुस्लिम व्यक्ति को दुकान आवंटित न की जाए। क्योंकि कि हाल-फिलहाल में कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं जिसमें यह पाया गया कि मुस्लिम युवकों युवकों द्वारा खाद्य पदार्थ में थूकने एवं अन्य प्रकार की गंदगी मिलाई जा रही थी। इस प्रकार की अधिकतर घटनाएं मुसलमानों द्वारा की जा रही थी। इसलिए यह बेहतर होगा कि मुसलमान दुकानदारों को मेला क्षेत्र से दूर रखा जाए। अगर किसी मुसलमान को दुकान आवंटित की गई और इस प्रकार की घटना हुई तो साधु समाज आक्रोशित हो सकता है। ऐसे में मेले का स्वरूप बिगड़ भी सकता है।

### डीएम ने किया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बलिया, बलिया में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने गुरुवार को निमार्णाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद बलिया की सीवरेज पुनर्गठन योजना के तहत छोढ़हर में 20 एमएलडी क्षमता का यह ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीयूष मौर्य से परियोजना की प्रगति और निर्माण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। 20 एमएलडी क्षमता वाला यह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बलिया शहर की सीवरेज समस्या का समाधान करेगा और शहर के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करेगा।

# शिक्षा की जगह बच्चों के हाथ में थमा दिया झाड़ू , वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक सरकारी स्कूल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। इस वीडियो में कुछ बच्चे स्कूल परिसर में झाड़ू लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल हैरान करने वाला है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोग इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं और बच्चों से इस तरह के काम करवाने को लेकर सवाल उठा रहे हैं।वायरल वीडियो के साथ शिक्षा पर उठे सवाल वायरल हो रहे इस वीडियो को बिछिया ब्लॉक के दुआ विद्यालय का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चों को न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि स्कूल की सफाई में भी लगाया गया है। बच्चे झाड़ू लगाते हुए स्कूल परिसर की सफाई कर रहे हैं, जबकि उनका प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना होना चाहिए। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है और लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि बच्चों से स्कूल की सफाई करवाई जा रही है, क्या यह उचित है ?वीडियो सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुआ, लोगों ने इसे लेकर अपनी प्रतिक्रियाएँ देना शुरू कर दीं। (पूर्व में ट्विटर) पर कई यूजर्स ने इस वीडियो को पोस्ट किया और पूछा कि बच्चों से इस प्रकार का काम क्यों कराया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, ₹क्या यह बच्चों का काम है ? क्या स्कूल प्रशासन ने बच्चों के लिए एक बेहतर शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित किया है ?₹ वहीं कुछ यूजर्स ने यह भी सवाल उठाया कि क्या शिक्षकों और कर्मचारियों को बच्चों से सफाई करवाने की जिम्मेदारी नहीं निभानी चाहिए थी?इस घटना ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या सरकारी स्कूलों में बच्चों को उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने के बजाय अन्य कामों में लगा दिया जाता है। इसके अलावा, क्या यह सही है कि छोटे बच्चों को सफाई जैसे कार्यों के लिए मजबूर किया जाए, जबकि वे शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूल जाते हैं ? ऐसे सवालों ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़ा किया है।वायरल वीडियो के बाद जिला शिक्षा विभाग और स्कूल प्रशासन से प्रतिक्रिया की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, स्कूल के आसपास के लोग और कुछ स्थानीय शिक्षक यह दावा कर रहे हैं कि बच्चों को सफाई में लगाने का उद्देश्य स्कूल के वातावरण को स्वच्छ रखना था, लेकिन यह न तो शिक्षा के उद्देश्य के अनुरूप है, और न ही बच्चों को इस प्रकार के काम में लगाना उचित माना जा सकता है।

# ड्रोन कैमरे की मदद से शराब माफियाओं पर रहेगी नजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है, जिसमें अब तकनीकी मदद ली जा रही है। पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से शराब माफियाओं के खिलाफ एक प्रभावी अभियान शुरू किया है।इस अभियान के तहत पुलिस ने जंगलों और नदियों के किनारे अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्रियों और लहन से भरी भट्ठियों पर कार्रवाई की।पुलिस विभाग और आबकारी विभाग ने मिलकर उन इलाकों पर नजर डालने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया, जो पहले माफियाओं के लिए छुपने के आदर्श स्थल बन चुके थे। ये इलाके मुख्यतः जंगली क्षेत्र और नदी किनारे थे, जहां पर माफिया अवैध शराब बनाने और बेचने के कार्य को अंजाम दे रहे थे। ड्रोन कैमरे की उच्च तकनीकी मदद से इन माफियाओं का पीछा किया गया और उनकी गतिविधियों की पहचान की गई।आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने ड्रोन कैमरे से मिली जानकारी के आधार पर असोहा और आबकारी पुरवा क्षेत्र में छापेमारी की। इस छापेमारी में पुलिस ने 7 कुंतल लहन (कच्चा माल जो शराब बनाने में उपयोग होता है) को नष्ट किया।यह कार्रवाई शराब माफियाओं को उनके अवैध कारोबार में रोकने के उद्देश्य से की गई। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई से माफियाओं को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे अब किसी भी प्रकार की अवैध का कारोबार नहीं कर पाएंगे।इस छापेमारी के बाद जंगल और नदी किनारे अवैध शराब बनाने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पुलिस और आबकारी टीम के संयुक्त प्रयासों से अब शराब माफियाओं के सभी प्रमुख ठिकानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस कार्रवाई के बाद माफियाओं ने अपने ठिकानों को बदलने की कोशिश की, लेकिन ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस उनके हर कदम पर नजर रखे हुए है।आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर निशांत सिंह और असोहा पुलिस थानाध्यक्ष विमलकांत गोयल ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया। दोनों अधिकारियों ने मिलकर अवैध शराब कारोबार को खत्म करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब नियमित रूप से चलेगा, और जो भी व्यक्ति अवैध शराब का कारोबार करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस विभाग और आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह छापेमारी सिर्फ एक शुरूआत है। आने वाले दिनों में माफियाओं के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

# एसपी ने थाना परिसर का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर वार्षिक निरीक्षण करने पहुँचे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बीघापुर ऋषिकान्त शुक्ला उपस्थित रहे।पुलिस अधीक्षक द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा शस्त्रों एवं थाने पर मौजूद अन्य लॉजिस्टिक्स की सूची अनुसार जांच की गई। तत्पश्चात अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक किया गया तथा थाना प्रभारी बारासगवर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बारासगवर के समस्त पुलिसकर्मियों एवं ग्राम चौकीदारों के साथ गोष्ठी की गई। तत्पश्चात ग्राम चौकीदारों को शर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अंग वस्त्र एवं कंबल वितरित किये गये।

# दहेज रहित तृतीय सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचे नागरिक सुरक्षा मंत्री

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।उत्तर प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने उन्नाव में प्रजापति समाज द्वारा आयोजित दहेज रहित तृतीय सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस मौके पर मंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचकर समाज के लोगों को आशीर्वाद दिया और इस आयोजन की सराहना की।इस दौरान उन्होंने संभल हिंसा को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने संभल हिंसा के संदर्भ में कहा कि यह हिंसा सुनियोजित थी और किसी साजिश के तहत की गई। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास कई ऐसे फुटेज हैं, जिनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि 8 बजे से पहले वहां कोई भी भीड़ मौजूद नहीं थी। मंत्री का कहना था कि यह हिंसा पूर्व-निर्धारित योजना के तहत हुई और इस हिंसा को लेकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से इस मामले में कठोर कदम उठाने का आश्वासन दिया।मंत्री ने कहा कि ऐसे घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार हर मामले में पूरी गंभीरता से जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से घटना की जांच शुरू कर दी गई है, और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार समाज में अमन-चैन बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है और कोई भी ऐसी ताकत जो राज्य में अशांति फैलाने की कोशिश करेगी, उसे बख्शा नहीं जाएगा।सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए मंत्री ने समाज के लोगों को संदेश दिया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए। मंत्री ने यह भी कहा कि दहेज प्रथा के खिलाफ सरकार की लड़ाई जारी रहेगी और समाज के सभी वर्गों को इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य समाज में समानता और भाईचारे का संदेश फैलाना है।धर्मवीर प्रजापति ने सामूहिक विवाह के आयोजन को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का निर्माण किया है, ताकि गरीब परिवारों को भी अपने बच्चों के विवाह के लिए दहेज के बोझ से मुक्ति मिल सके।

# जनपद न्यायधीश का आयोजित हुआ विदाई समारोह

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव के स्थानान्तरण के पश्चात् उनका विदाई समारोह बार एसोसिएशन, उन्नाव द्वारा न्याय भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला महामंत्री अरविन्द कुमार दीक्षित ने जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्द करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हे भावभीनी विदाई दी अधिवक्ताओं ने उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर माल्यार्पण कर जिला जज के अच्छे कार्यों की सराहना की इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अध्यक्ष बार एसोसिएशन सतीश कुमार शुक्ला ने कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है किन्तु विदाई के क्षण भावुक होते है। शुक्ला ने यह भी कहा कि उनके कामर्शियल टैक्स ट्रिब्युनल, लखनऊ की चेयर पर्सन पद पर प्रोन्नत होने पर हम सब अधिवक्ताओं को प्रसन्नता भी है कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरविन्द कुमार दीक्षित ने किया इस अवसर पर सैकड़ो अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में वरिष्ठ अधिवक्ता हरि शंकर विश्वकर्मा, विनय शंकर दीक्षित आशू, गुलाब सिंह द्वितीय, चन्द्रिका प्रसाद बाजपेयी, अजेन्द्र अवस्थी, ज्योति प्रभा माली, रेनू तिवारी के साथ न्यायिक अधिकारियों ने भी सम्बोधित करते हुये जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव को विदाई दी इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, सुरेश पाण्डेय, पूर्व महामंत्री अजय गौतम, ह्रदय नारायण तिवारी, राकेश शुक्ला, मणिकान्त सिंह रावत, सहित ढाई सैकड़ा अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग , सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण आग से अफरा तफरी फैल गयी। इस आग के कारण हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ग्राम पंचायत रनियामऊ के मजरा पाल्हेपुर में आग से यह हादसा हुआ। जहां एक किसान के खेत में रखे छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में छप्पर और उसमें रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया।प्रभु निषाद पुत्र नवाजी के खेत में बने छप्पर में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। छप्पर में रखा हुआ मवेशी, अनाज, कीमती सामान, घास-फूस और कृषि सामग्री जलकर राख हो गई। फिलहाल आग लगने के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि आग किसी छोटे से चिंगारी या फिर किसी अन्य अप्रत्याशित कारण से लगी हो सकती है।आग की लपटें इतनी तेज थीं कि जब तक ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली, तब तक पूरा छप्पर और उसमें रखा सामान जलकर राख हो चुका था। मवेशियों का पालन करने के लिए रखी गई घास, अनाज और खेतों में उपयोग होने वाली कृषि सामग्री भी आग में नष्ट हो गई। आसपास के क्षेत्र के लोग आग बुझाने के प्रयास में जुट गए, लेकिन आग की तीव्रता के कारण वे सफल नहीं हो सके।फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

प्रभु निषाद का कहना है कि मेहनत और पसीने का फल इस आग में जलकर राख हो गया। आग में करीब लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनका मुख्य व्यवसाय था और इस आग से उनका पूरा परिवार आर्थिक संकट में फंसा है। ग्रामीणों ने आग बुझाने की भरसक कोशिश की, लेकिन आग की लपटें बहुत तेज थीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

# श्री कृष्ण लीला महोत्सव के सकुशल सम्पन्न होने पर हुआ कन्या भोज




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला महोत्सव के सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष्य में आज श्री बाबा दुर्गेश्वर मंदिर प्रांगण में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति के द्वारा कन्याओं का भोज कराने के पश्चात दान दक्षिणा देकर उन्हें विदा किया गया। समिति की ओर से अवधेश द्विवेदी, संजीव दीक्षित, सोनू दीक्षित, चरण आधार शर्मा चन्नू, वैभव शर्मा ,कल्लू भैया, प्रज्वल शर्मा, अजय तिवारी ,दीप तिवारी, मोंटी शर्मा, सुधीर कुमार मिश्रा सद्धू , आदि दर्जनों लोग सम्मिलित हुए।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बैगांव- मंगतखेड़ा मार्ग पर मंगतखेड़ा कस्बे के पास ट्रैक्टर की से बाइक सवार संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठे दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से भाग गया।कोतवाली क्षेत्र के पौंगहा निवासी कमलेश का बेटा अंकित (24) विद्युत विभाग पुरवा में संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात था। वह अपनी बाइक से अपने साथी संविदा लाइनमैन जगरूप और हर्ष के साथ बैगांव विभागीय कार्य से गया था। वहां से वापस घर लौट रहा था। बैगांव -मंगतखेड़ा मार्ग पर मंगतखेड़ा कस्बे के पास ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन सभी घायलों को सीएचसी पुरवा लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में अंकित की मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों का इलाज चल रहा है। वहीं, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित मौके से भाग गया। अंकित की मौत से पत्नी ललिता, मां संतोषा, भाई अभिषेक व सौरभ बेहाल रहे। गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एक्सीडेंट को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# महिला थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने महिला थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह भी उनके साथ रहीं। निरीक्षण का उद्देश्य थाने की कार्यप्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और महिला अपराधों के रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करना था।एसपी ने महिला थाने के परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना और शस्त्रागार का भी बारीकी से निरीक्षण किया। शस्त्रागार में रखे हथियारों की स्थिति और उनके रखरखाव को जांचा और महिला थाना प्रभारी अर्चना को निर्देश दिया कि सभी हथियारों को सही स्थिति में बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। उन्होंने दर्ज मामलों और उनके निपटारे की स्थिति का मूल्यांकन किया और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। उन्होंने कर्मचारियों को इस प्रणाली के सुचारू संचालन और अपडेट रखने के लिए निर्देशित किया।महिला थाने में पीड़ित महिलाओं के लिए स्थापित विशेष कक्ष और महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने सुनिश्चित किया कि पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता मिले और थाने में उनके साथ संवेदनशील व्यवहार हो। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने महिला थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि महिला उत्पीड़न के मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। एसपी ने महिला थाने की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला थाने में पारदर्शिता और जनता के साथ अच्छे व्यवहार को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# दिव्यांग बच्चो के लिए खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विश्व दिव्यांगता दिवस पर ब्लाक संसाधन केंद्र नसिरापुर में आज गुरुवार को दिव्यांग बच्चों का तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़, छूकर पहचानना ,गणित दौड़ व रस्साकसी आदि खेलों के अलावा चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ अंतर्गत बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नसिरापुर की गायत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय भिखारीपुर रुल्ल के अभिषेक कुमार प्रथम स्थान पर रहे। खंड शिक्षा अधिकारी श्री सिंह ने विजई छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। प्रतियोगिता के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ,स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार ,अजय कुमार अवधेश कुमार, संध्या सिंह ,रवीना वर्मा ,अंकित कुमार, विद्यासागर ,प्रेम सागर ,सुधीर कुमार ,ज्ञानेंद्र, पदम सिंह, खेमराज यादव व आसाराम आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# होने वाले तकिया मेले का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील के कस्बा पाटन में पूस माह के पहले गुरुवार से शुरू होने वाले तकिया मेले का बीघापुर तहसीलदार ने तहसील टीम के साथ जाकर निरीक्षण किया। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल तकिया मेला की शुरूवार 19 दिसंबर दिन गुरुवार से होनी है। एक महीने से ज्यादा चलने वाले इस मेले में दूर-दूर से व्यापारी आते हैं। तकिया मेला आसपास के जिलों में लगने वाले बड़े मेलों में से एक है। इस मेले में गाय भैंस, घोड़े, तक बेचे जाते है। यहां पर भोले बाबा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव का मंदिर और सूफी संत मोहब्बतशाह की दरगाह एक ही परिसर में स्थित है। यहां हर वर्ग और जाति-धर्म के लोग आते हैं। मंदिर पुजारी बाबा राजकिशोर बताते है भोले बाबा के दर्शन करने मात्र से लोगो की मनोकामना पूरी हो जाती है। मोहब्बत शाह बाबा के गद्दीनवीस गुलाम हुसैन बताते हैं कि मोहब्बत शाह के शिष्य न्यामत शाह की याद में इस मेले की शुरूवात 400 साल पहले हुई थी, तब से यह मेला लगता चला आ रहा है। मेले की तैयारियां पहले से ही कर लेने हेतु तहसीलदार अर्शला नाज तहसील की राजस्व टीम के साथ भोले बाबा सहस्त्र लिंगेश्वर महादेव का मंदिर में जाकर पूजन अर्चन किया व उसके बाद बाबा मोहब्बतशाह की दरगाह पर जाकर मत्था टेका। मेले परिसर में जाकर लगने वाली दुकानें, पानी व्यवस्था, सायकिल ,मोटरसाइकिल स्टैंड स्थल ,आदि पर आवश्यक दिशा निर्देश अपने अधीनस्थो को दिए।

## सम्पादकीय

# पाक को खरी-खरी सुनाकर विरोधियों को भी दिया संदेश

जम्मू-कश्मीर में जारी विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। इससे पहले भी भारत ने कई बार पाक हुकूमत को ऐसा संदेश दिया है। दरअसल, केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पाकिस्तान से संबंध सामान्य करने की कोशिश की गई, पाक से आतंकवाद को शह देना बंद करने को कहा गया, खुद पीएम मोदी लाहौर में नवाज शरीफ से मिले, इसके बाद भी जब पाक एस्टाब्लिशमेंट (पाक फौज व पाक खुफिया एजेंसी (आईएसआई) ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद प्रायोजित करना बंद नहीं किया, घुसपैठ कराना नहीं छोड़ा तो भारत ने सख्त एक्शन लिया। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ कहा कि जब तक वह आतंकवाद बंद नहीं करेगा, तब तक भारत बातचीत नहीं करेगा। पाकिस्तान अपने पाले आतंकवाद से खुद परेशान रहता है, इसके बावजूद वह भारत के खिलाफ प्रायोजित आतंकवाद बंद नहीं करता है। भारत ने जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए कई स्तर पर कदम उठाए हैं। सेना के ऑपरेशन क्लीन से लेकर अनुच्छेद 35 के हटाने व अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान को समाप्त करने व वहां राज्यपाल शासन लगाने तक कई फैसले हुए, इससे आतंकवाद पर 70 फीसदी तक अंकुश भी लगा है। हालांकि हाल के दिनों में विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुट सक्रिय हुए और कई आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें कोई शक नहीं कि पाकिस्तान की एस्टाब्लिशमेंट कश्मीर के माहौल को शांत नहीं होने देना चाहती, इसके लिए दहशतगर्दी के नए-नए रूपों का इस्तेमाल करती रहती है। केंद्र सरकार ने जब से कश्मीर में अलगाववादियों की जड़ें काटी हैं, तब से वहां स्थानीय आतंकवाद भी कमजोर हुआ है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद केंद्रीय शासन रहने से पत्थरबाजी की घटनाएं भी कम हुई है। भारत सरकार की ओर से घाटी में आतंकवाद को रोकने लिए किए गए सम्मलित प्रयासों से सकारात्मक बदलाव भी आए हैं। चुनाव के दौरान पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती अलगाववादियों से सहानुभूति वाले बयान दे रही हैं, तो नेशनल कॉन्फ्रेन्स के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला वोटरों को साधने के लिए पाकिस्तान से वार्ता की वकालत कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थिति साफ करते हुए भाजपा के चुनाव प्रचार के लिए कश्मीर गए राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि भारत पाक से बातचीत के लिए तैयार है बशर्ते पाक हुकूमत आतंकवाद बंद कर दे। राजनाथ ने कहा है कि पीओके के निवासियों को भारत का हिस्सा बनना चाहिए। हालांकि भारत अतीत में पीओके को लेकर गलती कर चुका है, चार-चार बार युद्ध जीतने के बावजूद भारत ने पाक से पीओके नहीं लिया। अब गलती सुधारने का वक्त है। संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है, इसे हम लेकर रहेंगे। अभी पीओके में भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज मुखर है, ऐसे में सरकार को कूटनीतिक व सैन्य प्रयास करना चाहिए। सत्ताधारी दल को केवल चुनाव के वक्त ही पीओके की याद नहीं आनी चाहिए। अपना क्षेत्र है, तो अपना बनाने में देरी क्यों है? भारत को पाकिस्तान के साथ कूटनीतिक व सामरिक रूप से आर-पार की रणनीति पर काम करना होगा। राजनाथ ने आतंकवाद पर पाक को खरी-खरी सुनाकर जम्मू-कश्मीर चुनाव में पाक से वार्ता की वकालत कर रहे नेताओं को भी संदेश दे दिया है।

## विशेष

डॉ. गीतेश अमरोहित



# भौतिक चिकित्सा जरूरत के साथ कारगर भी

प्रतिवर्ष आठ सितंबर को विश्व के साथ-साथ भारत में भी फिजियोथेरेपी दिवस मनाने की परंपरा है। फिजियोथेरेपी जिसे हिन्दी में भौतिक चिकित्सा भी कहा जाता है। भौतिक चिकित्सा पद्धति चिकित्सा विज्ञान की आधुनिकतम शाखा है, जिसमें मशीनों और व्यायाम के द्वारा मांसपेशियों को सक्रिय बनाकर मरीज को पुनः दैनिक जीवनचर्या के काबिल बनाया जाता है। फिजियोथेरेपी यह भी सिखाती है कि स्वस्थ कैसे रहा जाए। तेजी से बढ़ते फिटनेस की दुनिया में फिजियोथेरेपी के महत्व को अनदेखा भी नहीं किया जा सकता। वस्तुतः देखा जाए तो हालिया दशकों में भौतिक चिकित्सा पद्धति का प्रचलन बढ़ा है। इसका मूल कारण फिजियोथेरेपी में दवाइयों का उपयोग ही नहीं होता, जिससे दुष्प्रभावों का प्रश्न ही नहीं उठता। वर्तमान का दौर ऐसा है कि मरीज सामान्यतः लंबी बीमारियों के दौर से गुजरता है। बीमारियां भी ठीक होने का नाम नहीं लेती। ऐसे में जब दवाइयां मरीज के शरीर में दुष्प्रभाव छोड़ रही हैं, एंटीबॉयोटिक, पेनकिलर, एंटीपॉयरेटिक दवाइयां शरीर में असर कम डाल रही हों, भौतिक चिकित्सा की उपचार विधा मरीज में जान डालने का काम कर रही है। फिजियोथेरेपी में भौतिक चिकित्सक मरीज के मर्ज से ही नहीं जुड़ते, बल्कि सीधे ही मरीज के मन से जुड़कर उपचार करते हैं। मरीज के जीवन को पहचानना और उसकी गुणवत्ता बढ़ाना ही भौतिक चिकित्सक का ध्येय होता है, साथ ही साथ लोगों को उनकी शारीरिक कमियों से बाहर निकालना, निवारण, उपचार और पूर्ण रूप से आत्म - निर्भर बनाना है। यह शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक क्षेत्र में अच्छी तरह से मरीज या व्यक्ति को सबल करने में मदद करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से उन्नत व्यक्ति को ही स्वस्थ व्यक्ति की संज्ञा प्रदान की गई है। अमूमन भौतिक चिकित्सक किसी भी व्यक्ति या मरीज को इसी दिशा में रोगमुक्त या सक्रियता प्रदान करने का कार्य करता है।

फिजियोथेरेपी उपचार विधा के इतिहास पर गौर करें तो हिप्पोकरेट्स और कालांतर में गेलेनस जैसे चिकित्सक शुरूवाती दिनों में मालिश, विद्युत उपचार और जल चिकित्सा के पक्षधर रहे हैं। मौलिक रूप से विधा के रूप में प्रचलित करने का श्रेय हेनरिक लिंक को जाता है। अठारहवीं सदी में अस्थित विज्ञान के विकास के बाद गठिया और उसके समान रोगों के उपचार के अंतर्गत जोड़ों के सुनियोजित व्यायाम हेतु जिमनैस्टीकॉन और ऐसी ही अन्य मशीनों का निर्माण होने लगा जो कि शारीरिक चिकित्सा में बाद में आए बदलावों के सदृश थे। 1887 में स्वीडन के नेशलन बोर्ड ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर द्वारा शारीरिक चिकित्सकों को सरकारी पंजीकरण दिया जाने लगा। पहली बार 1914 में अधिकृत रूप से न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी और संयुक्त राज्य अमेरिका के पोर्टलैंड ऑरेगॉन के रीड कॉलेज ने शारीरिक पुर्नसंरचना सहयोग में स्नातक उपाधि देना प्रारंभ किया था। आज देश भर में फिजियोथेरेपी के अनेक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित कर रही हैं। देश में फिजियोथेरेपी चिकित्सकों की विशाल तादाद है। दुःख की बात यह है कि आज तक इस पद्धति के चिकित्सकों की कोई कौंसिल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है, जहां पंजीयन की सुविधा हो और संचालित हो रहे पाठ्यक्रमों पर निगरानी हो सके। हालांकि समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा संबंधित विधेयक को सदन के पटल पर रखा गया, परंतु कई तकनीकी कारणों से हर बार पारित होने से विधेयक टलता गया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो राज्य निर्माण के बाद सन 2002 में निजी क्षेत्र में पांच और शासकीय क्षेत्र में एक की संख्या में फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना हुई। उसके बाद से इन महाविद्यालयों से अनेक अर्हताधारी चिकित्सक उत्तीर्ण हुए। विडंबना है कि राज्य में अब तक शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर शिक्षा की व्यवस्था नहीं हो पाई है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य अनेक विकसित राज्यों को पीछा छोड़ते हुए छत्तीसगढ़ राज्य फिजियोथेरेपी एवं आक्यूपेशनल थेरेपी परिषद का गठन कर चुका है। इसका लाभ यह हुआ है कि राज्य के भौतिक चिकित्सकों का इसमें पंजीयन हो रहा है। संचालित निजी और शासकीय क्षेत्रों के भौतिक चिकित्सा महाविद्यालयों की सतत निगरानी और पाठ्यक्रम एकरूपता के कारण राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा क्षेत्र में एक स्वस्थ और उन्नत वातावरण का निर्माण हुआ है।

अब तक राज्य में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम के चौदह से अधिक बैच निकल चुके हैं। भौतिक चिकित्सकों की संख्या राज्य में हजारों में है, जो राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर चिकित्सा महाविद्यालयों में अपनी सेवा दे रहे हैं। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में भी उपचार के लिए फिजियोथेरेपी के कई उन्नत चिकित्सा संस्थान राज्य के महानगर रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे शहरों में हैं। संपूर्ण राज्य में फिजियोथेरेपी चिकित्सा विधा की लोगों में पहुंच की बात करें तो यह अत्यंत सर्व सुलभ और लोगों के बजट में भी है।

# लालच बन रहा है साइबर ठगी की वजह



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इंटरनेट आज आम जनजीवन का अहम हिस्सा बन चुका है, इस प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के साथ ही अब इससे जुड़ी दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरता जब हमें सायबर ठगी से जुड़ी खबरें न मिलती हों। आम जनता को इस धोखाधड़ी से बचाव के लिए बैंक, पुलिस सहित तमाम एजेंसियां लगातार अपील कर रही हैं कि वे किसी भी व्यक्ति को बैंक एकाउंट नंबर, पिन, पासवर्ड, ओटीपी आदि न बताएं और न ही किसी अनजाने लिंक को क्लिक करें और न ही किसी अनजाने विडियो काल को उठाएं बावजूद लोग इस गिरोह के चंगुल में फंसकर जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। हाल ही में भिलाई स्टील प्लांट के एक रिटायर्ड अफसर के साइबर ठगों के जाल में फंसकर अपने 1 करोड़ से ज्यादा रुपए गंवाने का मामला सामने आया है। इस मामले में धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य ने व्हाट्स एप कॉल के जरिए पीड़ित को बैंक में घोटाले का हवाला देते हुए उसके एकाउंट का पूरा ब्यौरा हासिल कर एक करोड़ रुपए से ज्यादा रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। दूसरा मामला राजधानी रायपुर का है जहां जालसाजों ने इंस्टाग्राम यूजर डॉक्टर को एक गेमिंग कंपनी में पैसा निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफा कमाने का झांसा देकर उससे 90 लाख रुपए की ठगी कर लिया। गौरतलब है कि सायबर जालसाज आम लोगों को शेयर बाजार में रकम दोगुना करने, घर बैठे लाखों कमाने और मोटा इनाम का सपना दिखाकर उनसे लाखों करोड़ों रुपए ठग रहे हैं। यह कहना गैर लाजिमी नहीं होगा कि इन दिनों चोरी, डकैती, ठगी, लूट और राहजनी के मामलों में गिरावट देखी जा रही है बल्कि इसकी जगह जालसाजों ने लूट नया तरीका डिजिटल धोखाधड़ी को ढूंढ लिया है। आश्चर्यजनक तौर पर साइबर फ्रॉड का शिकार केवल अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे लोग ही नहीं हो रहे हैं बल्कि डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उच्च शिक्षित प्रोफेसर, सैन्य व आला प्रशासनिक अधिकारी भी हो रहे हैं।

सायबर अपराध के शोध के लिए बनी अंतरराष्ट्रीय टीम के मुताबिक भारत सायबर अपराध के मामलों में दसवें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट से हुए धोखाधड़ी के कुल 29082 मामले सामने आए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार इस साल जनवरी से मई के बीच कुल 1,203 करोड़ रुपए के डिजिटल धोखाधड़ी के 4,599 मामले दर्ज किए गए मतलब औसतन रोज 7000 से ज्यादा ठगी के शिकायतें दर्ज हुई। अनुमान के मुताबिक बीते चार महिनों में तकरीबन 400 करोड़ रुपए की डिजिटल फ्रॉड हुआ है। इस प्रकार के धोखाधड़ी के मामलों पर गौर करें तो इसके पीछे व्यक्ति का लालच,भय और अज्ञानता जैसे कारण ही मुख्य रूप से जवाबदेह हैं। संसद में पेश एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में पांच राज्यों उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में दर्ज हुए हैं जिसमें उत्तरप्रदेश अव्वल है। साइबर अपराध से जुड़े मामलों की जांच कर रहे अधिकारियों के मुताबिक सायबर धोखाधड़ी में एक गिरोह काम करता है जिसका संचालन देश के विभिन्न राज्यों सहित दक्षिण पूर्व एशिया के प्रमुख शहरों से हो रहा है। भारत में झारखंड का जामताड़ा शहर इस ठगी के मामले में सबसे ज्यादा बदनाम था लेकिन अब देवधर, दिल्ली,उत्तरप्रदेश का आजमगढ़, मथुरा , बिहार का गोपालगंज, हरियाणा का मेवात, भिवानी और नूह, गुजरात का अहमदाबाद और सूरत, राजस्थान का भरतपुर, पश्चिम बंगाल का दुर्गापुर और आसनसोल तथा आंध्रप्रदेश का चित्तूर ठगी के लिए कुख्यात हो चुका है। आश्चर्यजनक तौर पर इस अंतर्राज्यीय गिरोह के तार दुबई सहित चीन, श्रीलंका, नेपाल, कंबोडिया, म्यांमार और लाओस जैसे देशों से जुड़े हैं।



बहरहाल भारत में मुख्य रूप से आम लोग हैकिंग,स`क्सटॉर्शन , फेक सोशल मिडिया एकाउंट और फेक वाट्सएप कॉल, फेक ट्रेडिंग एप्स, लोन, गेमिंग, मनी लांड्रिंग, डेटिंग और मैट्रिमोनियल एप्स, क्रिप्टो, पेटीएम और यूपीए पासवर्ड या पिन, मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के जरिए साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। सेक्सटॉर्शन दरअसल 'सेक्स' और 'एक्सटॉर्शन' इन दोनों शब्दों से मिलकर बना है जो एक तरह का ब्लैकमेल है। इसमें साइबर अपराधी सोशल मीडिया पर किसी महिला या युवती के नाम से मित्रता के लिए संदेश भेजते हैं जिसे स्वीकार करने के बाद गिरोह लोगों से अश्लील बातें और चैटिंग कर उन्हें वीडियो कॉल के लिए उकसाते हैं। इस झांसे में आने के बाद यूजर्स द्वारा वीडियो कॉल करने पर न्यूड वीडियो दिखाई पड़ता है जिसका अपराधी विडियो बना लेते हैं। इसके बाद गिरोह के सदस्य पुलिस अधिकारी बनकर यूजर को पैसों के लिए धमकाते हैं कई बार इस अश्लील वीडियो को यूट्यूब पर अपलोड करने की धमकी दी जाती है। आमतौर पर पीड़ित पक्ष अपनी बदनामी के डर से मामले को पुलिस में ले जाने के लिए हिचकता है और ठगी गिरोह के चंगुल में फंसकर लाखों लूटा बैठता है। जानकारी के मुताबिक सेक्सटॉर्शन के चक्रव्यूह में अनेक प्रभावशाली अधिकारी, व्यापारी, राजनेता, नौकरीपेशा से लेकर युवा फंस रहे हैं जो अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने की भय में पूंजी के साथ ही अपनी जान गंवाने के लिए विवश हो रहे हैं। बहरहाल सेक्सटॉर्शन जैसे ठगी से सावधानी और संयम के जरिए बचा जा सकता है। यूजर्स को किसी भी महिला या युवती के फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले ठीक तरह से तस्दीक करना चाहिए। सोशल मीडिया में यदि कोई यूजर आपको अश्लील संदेश या वीडियो भेजता है तब इसकी तुरंत शिकायत साइबर सेल में करना चाहिए ताकि अपराधियों पर अंकुश लगे।

इन दिनों सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजने और इसके स्वीकार करने के बाद यूजर को किसी गंभीर आकस्मिक जरूरत बता कर ऑनलाइन पैसा मांगने जैसी घटनाएं भी काफी देखने में आ रही है जिसके झांसे में लोग आ रहे हैं जबकि ऐसे मामले में संबंधित से सीधे बातचीत कर ठगी से बचा जा सकता है।आजकल क्राइम ब्रांच या सीबीआई के पुलिस अधिकारी के नाम से यूजर्स के पास ऐसे वीडियो या वाट्सएप कॉल आ रहे हैं जिसमें डीपी में किसी वर्दीधारी पुलिस की फोटो लगी होती है जो संबंधित को यह बताता है कि आपका बेटा या बेटी ड्रग्स या किसी अन्य आपराधिक मामले में पकड़ा गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ है यदि इस एकाउंट में पैसा भेज दें तो मामला रफा-दफा हो जाएगा और बच्चे को छोड़ देंगे। यूजर्स के पास इस प्रकार के मोबाइल फोन उनके किसी परिजन के गंभीर रूप से दुर्घटना होने और उसे अस्पताल में भर्ती करने के लिए पैसों की मांग के संबंध में की जाती है। गिरोह के सदस्य एआई के जरिए उस परिजन के आवाज को क्लोनिंग कर उस यूजर को सुनाते हैं जिससे पीड़ित व्यक्ति आश्वस्त हो जाता है कि गिरफ्तार या दुर्घटनाग्रस्त बच्चा उसी का है और हड़बड़ाहट में वह गिरोह को हजारों रुपए ट्रांसफर कर देता है। जबकि थोड़ी सी सावधानी से इस प्रकार के ठगी से बचा जा सकता है। डिजिटल धोखाधड़ी के कई मामलों में जालसाजों ने अपने आपको नारकोटिक्स, कस्टम अफसर या ईडी अफसर बताकर यूजर्स उसके नाम पर को ड्रग्स का पार्सल जब्त करने या बेनामी संपत्ति के नाम पर धमकाया और मोटा रकम ऐंठ लिया।

भारत में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में विचारणीय है कि देश की बड़ी आबादी डिजिटल तकनीक के लिहाज से लगभग निरक्षर है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' अब ऐसे खतरों को और भी बढ़ा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामले सरकार और समाज के लिए लगातार चुनौती बन रहा है लेकिन इसके पीछे मुख्य रूप से लालच, भय और अज्ञानता जैसे मनोवृत्तियां ही जिम्मेदार हैं। सेक्सटॉर्शन, शेयर ट्रेडिंग और लॉटरी जैसे साइबर फ्रॉड के मामले में लोग तन और धन के भूख का शिकार हो रहे हैं वहीं सीबीआई या पुलिस अधिकारी के नाम पर फर्जी व्हाट्स एप कॉल पर धोखा खाने वाले भय और अज्ञानता की वजह से पैसा गंवा रहे हैं। बहरहाल देश में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखें तो यह 'सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी' जैसा वाकया है लिहाजा इस प्रकार के धोखाधड़ी को केवल आत्म नियंत्रण, चारित्रिक शुचिता, डिजिटल जागरूकता और सतर्कता से ही रोका जा सकता है। इस प्रकार के ठगी से बचने के लिए अनजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल्स जिससे धोखाधड़ी का अंदेशा हो उसे तुरंत ब्लॉक कर देना चाहिए। इसके अलावा अपने एटीएम कार्ड के पिन, मोबाइल फोन सहित अन्य डिजिटल गैजेट्स के पासवर्ड कभी भी किसी को शेयर नहीं करना चाहिए। धोखाधड़ी के शिकार होने पर तुरंत संबंधित बैंक और साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 से संपर्क करें ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके।

दूसरी ओर देश में साइबर अपराध के लिए हेल्पलाइन नंबर तथा वेबसाइट में शिकायत दर्ज कराने सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं संशोधन 2008 के अलावा भारतीय दंड संहिता 1860 के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई का प्रावधान है लेकिन इंटरनेट के जरिए होने वाले खतरे असीमित हैं लिहाजा सरकार को ऐसा सख्त कानून बनाना चाहिए जो लोगों को सुरक्षा और आर्थिक सहूलियत के साथ ही साइबर अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## धन-दौलत से पहले इनकी रक्षा जरूरी




संकलित

दर्शन

आचार्य चाणक्य ने नीति शास्त्र में धन व स्त्री समेत जीवन के तमाम पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया है। एक श्लोक में चाणक्य ने बताया है कि धन व स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को किसकी रक्षा करनी चाहिए। चाणक्य की नीतियां आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। कहा जाता है कि चाणक्य की नीतियों का पालन करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन जिसने भी जिन्हें अपना लिया उसे सफलता हासिल होती है। पढ़ें चाणक्य नीति के अनुसार व्यक्ति को धन व स्त्री से भी पहले किसकी रक्षा चाहिए-

चाणक्य के अनुसार, बुद्धिमान व्यक्ति को आपत्ति व बुरा दिनों के लिए थोड़ा-थोड़ा धन बचाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए यानी धन की बचत करें। समय पड़ने पर संचित धन से भी ज्यादा अपनी पत्नी की रक्षा जरूरी है क्योंकि पत्नी जीवनसंगिनी है। चाणक्य कहते हैं कि बहुत ऐसे अवसर होते हैं, जहां धन काम नहीं आता, वहां जीवनसाथी काम आता है। बुढ़ापे में पत्नी की भूमिका अहम होती है। चाणक्य का विचार यह भी है कि धन और स्त्री से ज्यादा व्यक्ति को अपनी रक्षा करनी चाहिए। यानी व्यक्ति का महत्व इन दोनों से ज्यादा है। अगर व्यक्ति का ही सर्वनाश हो गया तो धन और स्त्री का अस्तित्व ही क्या रह जाएगा, इसलिए व्यक्ति को धन-बचत और स्त्री रक्षा की अपेक्षा समय आने पर अपनी रक्षा ज्यादा जरूरी है। नीति शास्त्र के अनुसार, उपनिषद के कवि भी कहते हैं कि कोई किसी से प्रेम नहीं करता, सब स्वयं से ही प्रेम करते हैं।

## सेवा के लिए धन नहीं, तन-मन जरूरी



संकलित

प्रेरणा

महात्मा बुद्ध नगर से दूर एक वन में अपने शिष्यों के साथ बैठकर चर्चा कर रहे थे। आसपास के गांव के लोग भी उनके पास अपनी समस्याएं लेकर आ रहे थे। बुद्ध उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे थे। तभी एक अत्यंत गरीब व्यक्ति अपने भाग्य को कोसता हुआ उनके पास आया। उसने बुद्ध से कहा, भगवन मेरी समस्या का भी समाधान करिए। तथागत ने कहा, 'कहो, तुम्हारी क्या समस्या है? और मैं उसे दूर करने में तुम्हारी क्या सहायता कर सकता हूं? उस व्यक्ति ने कहा, 'प्रभु मेरी बहुत इच्छा है कि मैं लोगों की हर प्रकार से मदद करूं। लेकिन मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास न तो धन है और न ही कोई कीमती वस्तु, जिससे मैं लोगों की सहायता कर सकूं। मैं दूसरों की मदद की इच्छा रखने के बावजूद किसी की सहायता नहीं कर पा रहा हूं। भगवान ने मुझे इतना गरीब क्यों बनाया कि मैं किसी के काम नहीं आ पा रहा हूं।' यह कहकर वह व्यक्ति रोने लगा। उसे रोता देखकर बुद्ध ने कहा, 'तुम बहुत अज्ञानी हो, क्योंकि तुम अभी तक इस भ्रम में जी रहे हो कि तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है और तुम बहुत गरीब हो। जबकि तुम्हारे पास दूसरों को देने के लिए बहुत कुछ है। तुम बिना धन और कीमती वस्तु के भी दूसरों की मदद कर सकते हो। तुम्हारे पास जुबान है, जिससे तुम मीठे शब्द बोलकर किसी के दुखी चेहरे पर मुसकान ला सकते हो। तुम अपने शब्दों की ताकत से किसी के भी टूटे हौसलों को फिर से मजबूत कर सकते हो। उनमें आशा भर सकते हो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*-विकास साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### नुआखाई की शुभकामनाएं



नुआखाई के विशेष अवसर पर मेरी शुभकामनाएं। हम अपने मेहनती किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और हमारे समाज के लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हैं। सभी को अच्छा स्वास्थ्य मिले।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भूपेन को जयंती पर श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती पर उनको हार्दिक श्रद्धांजलि। डॉ. हजारिका की अद्वितीय कलात्मकता ने असमिया संस्कृति और धुनों को भारतीय संगीत में सबसे आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रचनाएं हमारी विरासत के हिस्से के रूप में संजोई जाती हैं।

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### भूली हुई परियोजना



ईजीपुरा फ्लाईओवर का काम फिर से शुरू। उम्मीद है कि यह तेजी से पूरा होगा। यह यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा। इस भूली हुई परियोजना पर तत्काल ध्यान वापस लाने के लिए कर्नाटक सरकार का धन्यवाद। **-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### 'द कट' का प्रीमियर




कल रात टोरंटो में अपने बच्चे के पिता की नई फिल्म 'द कट' के प्रीमियर का समर्थन करने के लिए रिहर्सल में पसीना बहाया। इस भूमिका के लिए उन्होंने जो शारीरिक और मानसिक प्रयास किए, उस पर इससे अधिक गर्व नहीं हो सकता।

**-कैटी पैरी, अमेरिकन सिंगर**

## करंट अफेयर

### केंद्र ने मांगी थी रिलायंस वन्यजीव केंद्र से सहायता

मध्यप्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले साल महज एक महीने में तीन चीतों की मौत के बाद, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मई 2023 में स्वास्थ्य निगरानी प्रोटोकॉल की समीक्षा के लिए गुजरात स्थित रिलायंस के वन्यजीव केंद्र के विशेषज्ञों की मदद मांगी थी। आधिकारिक रिकॉर्ड से यह जानकारी मिली है। प्राधिकरण के सहायक वन महानिरीक्षक अभिषेक कुमार ने 11 मई, 2023 को जामनगर में स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के 'ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर' (जीजेडआरआरसी) के सीईओ को पत्र लिखकर विशेषज्ञों की एक टीम कूनो भेजने का अनुरोध किया था।



## ऑफ बीट

### काठमांडू-कलिंग महोत्सव में भारतीय साहित्यकार भी शामिल

नेपाल के ललितपुर महानगर में शनिवार को तीसरा 'काठमांडू कलिंग साहित्य महोत्सव' शुरू हुआ। इस महोत्सव में नेपाल, भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की 200 से अधिक साहित्यिक हस्तियों ने शिरकत की। भारत के प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य व लोकप्रिय इतिहासकार एवं अर्थशास्त्री संजीव सान्याल, नेपाल में भारतीय दूतावास के उप प्रमुख प्रसन्ना श्रीवास्तव, पूर्व भारतीय राजनयिक और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव लक्ष्मी एम पुरी समेत अन्य लोगों ने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रमुख नेपाली साहित्यकार डॉ. भुवन ढुंगाना ने भी उद्घाटन सत्र को संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता रश्मि रंजन ने की।



## संक्षेप

### सिद्धार्थनगर में कांग्रेसियों ने मनाया संविधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, संविधान दिवस पर कांग्रेस पार्टी की ओर से मंगलवार को सिद्धार्थनगर के इटवा नगर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ, जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने उपस्थित सभी कांग्रेस जनों को संविधान का पालन करने और उसकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आज का दिन हमारे देश के लिए बेहद खास है, क्योंकि आज ही के दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना, जो आज तक हमारे लिए सर्वोपरि है। हम सभी को यह प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि हम हमेशा संविधान का पालन करेंगे और उसकी रक्षा करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर संविधान को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने संविधान में न्याय, समानता और बंधुत्व का संदेश दिया, जो आज भी हमारे लोकतंत्र की ताकत है। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में केन्द्र सरकारों ने हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी, जिला महासचिव सतीश त्रिपाठी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष नजरे आलम, रियाज मनिहार, शमशाद अहमद, प्रहलाद गिरि, नफीस चौधरी, मुकेश चौबे, अकबर अली, वलीऊल्लाह हाशमी, तिलक राम चौहान, अनीस मियां सहित अन्य कांग्रेस नेता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आशाओं को दी क्षय रोग की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर के भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में आशा बहू और संगिनी के साथ क्षय रोग (टीबी) पर संवेदीकरण और समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने की। उन्होंने आशा बहुओं को क्षय रोग के मुख्य लक्षणों और उनके इलाज के तरीकों की जानकारी दी। डॉ. ओझा ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम या बलगम में खून आना, भूख कम लगना, बुखार, सांस लेने में परेशानी और सीने में दर्द जैसे लक्षण क्षय रोग के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने आशा बहुओं से अपील की कि ऐसे मरीजों को तुरंत सीएचसी सिरसिया लाकर बलगम जांच करवाएं और इलाज सुनिश्चित करें। अधीक्षक ने बताया कि क्षय रोगियों के इलाज के दौरान उन्हें 1,000 रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इससे मरीजों को इलाज में मदद मिलती है और रोग पर बेहतर नियंत्रण किया जा सकता है। बैठक में सुषमा द्विवेदी और मेराज अहमद ने आशा बहुओं को निर्देश दिए कि वे उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की तीन बार जांच सुनिश्चित करें और प्रसव संस्थागत रूप से करवाएं।

# विज्ञान प्रदर्शनी में झलकी छात्रों की प्रतिभा

## प्रदर्शनी में विज्ञान मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र, वैज्ञानिक सोच की दिखी झलक

### डायट पयागपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर परिसर में आयोजित हुई। प्रदर्शनी में सभी ब्लॉक से चयनित श्रेष्ठ पांच स्वनिर्मित मॉडल के साथ छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रदर्शनी में छात्रों एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य दिनेश कुमार व बीएसए आशीष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रदर्शनी स्टाल पर लगे मॉडल्स का अवलोकन करने के पश्चात छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री कुमार ने कहाकि यह कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक सोंच को उड़ान देने का माध्यम है। छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में फखरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय शरदपारा के ध्रुवकुमार का बनाया लाईफाई डिटेक्टर, जरवल के पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भौली की छात्रा राधिका वर्मा का रेलवे प्लेटफॉर्म ब्रिज मॉडल, तेजवापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोडायल की शिक्षा मिश्रा का बनाया स्ट्रीटलाइट मॉडल, तथा पयागपुर ब्लॉक के पीएमश्री बेलवापदुम के हरिओम तिवारी का फसल सुरक्षा मॉडल, उच्च प्राथमिक विद्यालय डायट परिसर की रिया कश्यप का बनाया जंगली जानवर सेफ्टी अलार्म मॉडल अव्वल रहे। क्विज व मॉडल प्रदर्शनी में संयुक्त रूप से चयनित छात्रों को पुरस्कारस्वरूप टैबलेट, विज्ञान किट, बुक सेट, स्कूल बैग के साथ मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक व कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर बीईओ अनुराग मिश्रा, अरुण वर्मा, अजीत सिंह जिला समन्वयक प्रशिक्षण अनुराग शर्मा, एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा, एआरपी राजेश मिश्रा, अरविंद शुक्ला, नंद कुमार शुक्ला, प्रद्युम्न पांडेय, अशोक कुमार, सुनील कुमार, लोकेश श्रीवास्तव, नवल पाठक, प्रीति समय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# खेतों में पराली न जलाएं किसानः कृषि वैज्ञानिक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वितीय द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अपर निदेशक प्रसार एव वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ एसके यादव के मार्गदर्शन निर्देशन में आयोजित किया गया। वैज्ञानिक सुनील कुमार ने किसानों को बताया कि धान की पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा कई लाभकारी सूक्ष्म जीव लाभदायक कीट जैसे केंचुआ आदि जल का नष्ट हो जाते हैं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने किसानों को बताया कि पराली जलाने से कई हानिकारक गैसे जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। इससे वातावरण प्रदूषित होता है साथ ही कई पोषक तत्व जैसे नाइट्रोजन पोटाश, फास्फोरस जलकर नष्ट हो जाते हैं। केंद्र के वैज्ञानिक उमेश कुमार ने किसानों को पूसा डीकंपोजर के बारे में जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि समय पर फसल अवशेष प्रबंधन कर लिया जाए तो अगली फसल की समय से बुवाई संभव है किसानों को बताया कि मशीनीकरण युग में जहां गांव में मजदूर नहीं मिल रहे हैं उस दिशा में किसान नई-नई मशीनों का कृषि में इस्तेमाल कर कृषि को आसान बना रहे हैं। किसानों को बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ रहा है जिससे फेफड़ों के कार्य प्रणाली धीरे-धीरे कम हो हो रही है जो नवजात बच्चे एवं अधिक उम्र के लोगों के लिए हानिकारक है तथा कैंसर जैसी बीमारी में वृद्धि हो रही है।

किसान गोष्ठी में वैज्ञानिकों सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 30 नवम्बर को बहराइच व मिहींपुरवा में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

### 250 निर्धन बेटियों को लगेगी मेंहदी, उठेगी डोली, बजेगी शहनाई

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। समाज में सर्वधर्म समभाव एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं बेटियों के कल्याण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 30 नवम्बर 2024 को राजकीय बालिका इण्टर कालेज के मैदान गेंद घर एवं विकास खण्ड मिहींपुरवा के मण्डी परिसर में वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मा. जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में लगभग 250 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल गेंद घर के लिए नगर मजिस्ट्रेट व परियोजना निदेशक डीआरडीए तथा कार्यक्रम स्थल मण्डी परिसर मिहींपुरवा के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# करीम चिस्ती क्रिकेट क्लब ने जीता पहला सेमी फाइनल मैच

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। शिवाजय क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित रूपईडीहा क्रिकेट लीग टूनामेंट का पहला सेमीफाइनल करीमचिस्ती क्लब और अजंता क्लब बहराइच के बीच खेला गया। जिसमें टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए करीम चिस्ती क्लब ने निर्धारित 25 ओवरों 309 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें शहजाद खान ताबड़तोड़ 76 नारायण मणि ने 80 और अनुज ठाकुर ने 49 रनों की पारी खेली अजंता क्लब किन्तरफ से त्रिपुरेश ने 2 और शिवम् शुक्ला ने 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में उतरी अजंता क्रिकेट क्लब महज 144 रनों पर ढेर हो गई। जिसमें त्रिपुरेश मिश्र ने सर्वाधिक 46 एवं शिवम्शुक्ला ने 27 के अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। करीम चिश्ती की तरफ से तुषार सोनी समीर शुक्ला और नबील ने 2 सफलताएं हासिल की। मैन ऑफ द मैच रहे शहजाद खान जिन्होंने 76 रन और एक विकेट लिया। मैंन आफ द मैच पुरस्कार प्रधान जुबेर फारूकी द्वारा दिया गया। शिवाजय एकेडमी के फाउंडर अजय मिश्रा ने बताया दूसरा सेमीफाइनल रवीन्द्रनाथ क्लब बहराइच और शिवाजय एकेडमी के बीच खेला जाएगा। एकेडमी के सह संस्थापक शिवेंद्र मिश्रा, टूनामेंट पैट्रन जुबेर फारूकी जी रूपईडीहा व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, रिंकू सोनी रोशन सिंह, शेरू भैया मोहम्मद आलम एवं सम्माननीय अतिथि गड़ मौजूद रहे।

# देवरिया में थानाध्यक्ष ने व्यापारी को मारा थप्पड़

- अतिक्रमण हटवाने के दौरान हुआ विवाद, वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, देवरिया के रुद्रपुर नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान पुलिस और व्यापारियों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया। कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों के प्रदर्शन के बीच थानाध्यक्ष द्वारा एक व्यापारी को थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हो गया है। इस घटना से व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। रुद्रपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों और बाजारों में पटरी पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा था। नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौड़िन्य, अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव, और पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी के जरिए नालियों और सड़कों से अवैध कब्जा हटाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान आदर्श चौराहे के पास कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। माहौल गरमाने पर रुद्रपुर थानाध्यक्ष रतन शंकर पांडेय मौके पर पहुंचे। विरोध के दौरान थानाध्यक्ष ने एक व्यापारी को थप्पड़ जड़ दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद व्यापारियों ने पुलिस के रवैए पर कड़ी नाराजगी जताई है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को सख्ती के नाम पर दुर्व्यवहार का अधिकार नहीं है। घटना के बाद थानाध्यक्ष रतन शंकर पांडेय ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है। वहीं, स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है।

# सुल्तानपुर में जेसीबी से हुआ अमृत सरोवर का काम

## दो साल बीते, बजट खर्च होने के बाद भी निर्माण अधूरा

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, शासन द्वारा जल संरक्षण और प्राकृतिक छटा निखारने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर योजना बनाई है। इसके तहत तालाबों की खोदाई कर उसे अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे अमृत सरोवर के निर्माण की गति काफी धीमी है। कहीं मिट्टी पटाई तो कहीं सीढ़ियों का निर्माण चल रहा है। इतना ही नहीं जो अन्य व्यवस्थाएं होनी थी वह अभी भी नहीं हो सकी हैं। खोदाई के काम में तेजी नहीं आ रही है। अधिकारियों की मॉनीटरगिं में शिथिलता बाधा बन रही है। यही वजह है कि अभी तक सरोवर का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। करौंदीकला ब्लॉक के चतुर्भुजपुर गांव में दो साल बीतने के बावजूद अभी तक अमृत सरोवर, खेल का मैदान का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। अमृत सरोवर का कार्य जेसीबी मशीन से किया गया है, जिसके अंश अभी भी मौजूद हैं। बावजूद इसके अभी तक अमृत सरोवर की खुदाई पूरी नहीं हो पाई है। इस अमृत सरोवर के लिए बजट करीब 15 लाख रुपए था जो कि पूरी तरह से खर्च किया जा चुका है। लेकिन सरोवर की खुदाई सहित इंटरलॉकिंग पटरी, सीढियां आदि बनना भी अभी बाकी है। खेल का मैदान भी अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि शासन द्वारा उक्त दोनों कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण होने चहिए थे। वहीं, इस गांव में समतलीकरण के नाम पर भी जमकर घोटाला किया जा रहा है। बिना मजदूरों के ट्रैक्टर से समतलीकरण करवा कर मोबाइल से श्रमिक फोटो अपलोड कर धन का बन्दर बांट किया जा रहा है। बीडीओ प्रमोद पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी नही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सुल्तानपुर के लंभुआ में सरकारी नलकूप खराब

## नहरों में पानी नहीं, किसानों को बुआई के लिए प्राइवेट नलकूपों का सहारा

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर के लंभुआ तहसील अंतर्गत दर्जन भर से अधिक राजकीय नलकूप खराब पड़े हैं। वहीं नहर में पानी नहीं आ रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। खेतों में बुआई का समय है। फसलों को पानी की आवश्यकता है। किसानों का कहना है वह खेतों की सिंचाई कैसे करें? सिंचाई का साधन फेल होने के कारण किसानों में गुस्सा है। सरकारी नलकूप ठप होने से गरीब किसानों को सिंचाई के लिए प्राइवेट नलकूपों का सहारा लेना पड़ता है। इससे किसानों को अधिक रुपए खर्च करने के साथ प्लास्टिक की पाइप आदि भी मजबूरी में खरीदनी पड़ रही है। शेखनपुर बधूपुर लगभग 2 सालों से बंद पड़ा है। मोटर खराब हो गया है, स्टार्टर नहीं है और लगभग सभी कुलाबे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पाइप लाइन भी चोक हो गई है। ग्राम सभा जमखुरी में राजकीय नलकूप संख्या 184 लगभग चार वर्षों से बंद पड़ा हुआ है, यहां भी सभी कुलाबे क्षतिग्रस्त हैं। राजकीय नलकूप संख्या 187 चौपरिया इसमें भी मात्र दो कुलाबे चल रहे हैं। राजकीय नलकूप 171 शाहपुर हरबंश भी कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। नरेन्द्रपुर राजकीय नलकूप 173 के अधिकांश कुलाबे लाइन क्षतिग्रस्त है। राजकीय नलकूप संख्या 136 करनपुर की पाइपलाइन चोक है जिसके कारण सिंचाई बाधित है। राजकीय नलकूप संख्या 182 ग्राम कंवरपुर पाइपलाइन कई जगह से फटी और कटी है। जिसके कारण सिंचाई एक लूप से पूर्ण रूप से बाधित है। राजकीय नलकूप संख्या 175 ग्राम मकसूदन में मात्र दो कुलाबे चल रहे हैं। गोपालपुर मधैया राजकीय नलकूप संख्या छह कई वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। उधर राजकीय नलकूप संख्या 7 लोटिया पिछले पांच वर्षों से थोड़ी देर चलकर पानी छोड़ देता है।

यही स्थिति बराबर बनी हुई है। भारतीय किसान यूनियन हिंद गुट के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह ने अधीक्षण अभियंता अयोध्या मंडल से शिकायत कर उन्हें अवगत करवाया की क्षेत्र के काफी राजकीय नलकूप खराब पड़े हुए हैं, पाइपलाइन चोक है, कुलाबे क्षतिग्रस्त हैं। एसडीओ नलकूप ने बताया कि शेखनपुर राजकीय नलकूप पर मोटर भिजवा दिया गया है, एक हफ्ते के अंदर नलकूप चालू हो जाएगा।

# हसनपुर में भाकियू ने ज्ञापन सौंपा

## किसानों के साथ हुए समझौते को नजरअंदाज कर रही केंद्र सरकार

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुनीता सिंह को सौंपा। इस ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादों को याद दिलाया गया। नरेश चौधरी ने ज्ञापन में बताया कि दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के बीच एमएसपी गारंटी योजना और अन्य मांगों को लेकर जो समझौता हुआ था, वह बार-बार नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है, जबकि किसान अन्नदाता है। नरेश चौधरी ने यह भी कहा कि भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है, लेकिन यहां किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने किसानों के साथ किए गए समझौते को लागू नहीं किया, तो किसानों को फिर से दिल्ली घेरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सामने केंद्र सरकार ने करो या मरो वाली स्थिति पैदा कर दी है। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा किसानों से किए गए 10 प्रमुख वादों को पूरा करने की बात कही गई थी, जिनमें एमएसपी गारंटी योजना समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इस अवसर पर भाकियू के कई कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सीमा चौधरी, रवि चौधरी, यशवीर सिंह, अरुण सिंह, मेघ धारीवाल, अली, आजम, अशोक चौधरी, अमन, सुखवीर, निशांत चौधरी, अलीम आदि शामिल थे।

# पुलिस ने 61 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए

## 12 लाख रुपए कीमत, स्वामियों को सुपुर्द किए गए मोबाइल फोन

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए पुलिस ने अभूतपूर्व प्रयास किए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त प्रार्थनापत्रों के आधार पर और समस्त थानों के सहयोग से खोए हुए 61 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किए गए। इन मोबाइल की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये है। साइबर क्राइम पुलिस थाना और थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क की टीम ने कड़ी मेहनत के साथ इन मोबाइलों की बरामदगी सुनिश्चित की। जिनमें से साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा 12 मोबाइल फोन, थाना तिन्दवारी द्वारा 10 मोबाइल फोन, कोतवाली नगर और बदौसा द्वारा 06-06 मोबाइल फोन, कोतवाली देहात, पैलानी और नरैनी द्वारा 04-04 मोबाइल फोन, थाना कमासिन, बिसण्डा, अतर्रा और फतेहगंज द्वारा 03-03 मोबाइल फोन, और थाना जसपुरा, कालिंजर और चिल्ला द्वारा 01-01 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर सभी पीड़ितों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों की सराहना की। यह कार्रवाई ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई, जो खोए हुए और चोरी हुए मोबाइल फोन को वापस दिलाने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई

# बीच सड़क युवकों की मारपीट

## शाहजहांपुर में रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद, दो युवकों पर एनसीआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में युवकों द्वारा बीच सड़क मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सार्वजनिक हुआ है। वीडियो में दो युवक बीच सड़क पर एक तीसरे युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह मारपीट रुपयों के लेन-देन को लेकर हुई थी। पुलिस ने इस मामले में एक युवक की तहरीर पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज किया है। यह घटना जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की बताई जा रही है। वीडियो में दो युवकों को एक तीसरे युवक को पकड़कर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में एक युवक को लगातार थप्पड़ और घूंसे मारे जा रहे हैं, और उसके बाद उसका कॉलर पकड़कर आरोपी युवक उसे खींचते हुए काफी दूर तक ले जाते हैं। इस दौरान रास्ते में भी मारपीट जारी रहती है। दूसरे हिस्से में, दो अन्य युवक भी एक दूसरे के साथ सड़क पर गिरकर मारपीट करते दिख रहे हैं।

यह पूरी घटना बीच सड़क पर घटित हो रही है, जो पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से होती है। जानकारी के मुताबिक, यह मारपीट रुपयों के लेन-देन को लेकर हुई थी। दोनों पक्ष एक दूसरे से परिचित थे और किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद यह मारपीट शुरू हो गई। घटना के बाद, सुभाषनगर के रहने वाले गोलू ने थाना जलालाबाद में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी रजत और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। थाना जलालाबाद के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि युवकों के बीच मामूली विवाद के कारण मारपीट हुई थी। इसका वीडियो वायरल हो गया था, और एक युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है।

# संक्षेप

## दो पक्षों में चले लात-घुसे, बैल्ट और धारदार हथियार

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में एक मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के लोग लात-घुसे, बैल्ट और धारदार हथियार से एक-दूसरे पर वार करते हुए दिखाई दिए। इस झगड़े में 10 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के आने की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए, हालांकि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट को साफ देखा जा सकता है। यह घटना पुराने कस्बे इलाके की है, जहां मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच हुए इस संघर्ष में लात-घुसे, बैल्ट और धारदार हथियार चले, जिससे घायलों की संख्या बढ़ गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दोनों पक्ष फरार हो गए थे। पुलिस अब वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। शहर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के ईनामी मोनू और सूहेल पुलिस की गोली पैर में लगने से घायल हो गए। जिसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों का तीसरा साथी मौके से भागने का प्रयास कर रहा था, पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। पुलिस के अनुसार 25 हजार का इनामी बदमाश मोनू अपहरण और हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। और बदमाश सूहेल दस साल की सजा काटकर हाल में ही जेल से छूटा है। उसके बाद भी घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए भेज दिया है। और गिरफ्तार किए गए बदमाशों के साथी से पूछताछ कर रही है। देर रात कंकरखेड़ा थाना पुलिस और एसओजी गांव लाला मोहम्मदपुर के निकट चेकिंग कर रही थी। तभी टीम को एक बाइक पर तीन लोग जाते हुए दिखे, टीम ने बाइक सवार लोगों को रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करने लगे। टीम ने तीनों को सरधना पुल के निकट घेर लिया इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में 25 हजार का इनामी बदमाश मोनू उर्फ मोहन गिरी और इंचौली थाना क्षेत्र के लावड़ का रहने वाला बदमाश सुहेल के पैर में गोली लगी। जबकि उनका तीसरा साथी हारून भगाने का प्रयास करने लगा पुलिस ने पीछा कर हारून को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और तीसरे गिरफ्तार किए गए बदमाश से पूछताछ कर रही है।

# श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह देख श्रोता मुदित

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अमटौरा मैं चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सातवें आचार्य मानस जी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। कथा के उपरांत भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन किया गया जिसे देखकर पंडाल में मौजूद श्रोता काफी उत्साहित देखें। कथावाचक आचार्य मानस जी ने कहा कि हमेशा सच्ची मन की भक्ति को ईश्वर जरूर सुनता है। क्योंकि भगवान केवल प्रेम के भूखे होते हैं। रुक्मणी जी भगवान नारद से केवल द्वारकाधीश का बखान सुनकर उनसे प्रेम करने लगी। भगवान श्री कृष्णा को एक संदेश में अपने प्रेम को लिखकर भेज दिया जिसे कन्हैया ने स्वीकार कर लिया। कथा के उपरांत श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह की झांकी निकाली गई विवाह में सोता पंडाल में झूमने लगे महिलाओं ने विवाह गीत गाए। विधायक प्रदीप कुमार शुक्ल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, गुलाब तिवारी यजमान केसरी सिंह पत्नी विमला सिंह, रवि प्रताप सिंह पत्नी रीमा सिंह, दुर्गेश सिंह पत्नी लक्ष्मी सिंह, विमलेश सिंह पत्नी किरन सिंह, अखिलेश सिंह पत्नी अनुला सिंह, इंद्रदेव सिंह, विजेन सिंह, अशोक सिंह, मोनू शर्मा, उग्रसेन सिंह, शिवशंकर सिंह, आनंद सिंह समेत भाजपा के पदाधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 तिघरा निवासी रामचन्दर सहानी के छोटे पुत्र पप्पू सहानी (24 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के पिता के अनुसार, उनका बेटा बुधवार की रात हैदराबाद में काम करके वापस लौट रहा था कि रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में पप्पू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया हमारे दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। दूसरे नंबर के पुत्र की अभी पिछले वर्ष ही उसकी शादी भौराबारी मे हुई थी।

# आईजीएल और कार्टेवा एग्रीसाइन्स ने मिलकर मक्का प्रदर्शन बुवाई का शुभारंभ किया



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स के तत्वाधान में संयुक्त रूप से मक्का की फसल की बुवाई पूर्वांचल में पहली बार न्यूमेटिक प्लांटर मशीन द्वारा किसान सोम नाथ सिंह के 5 एकड़ खेत में कराया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि, गोरखपुर अरविंद कुमार सिंह द्वारा नारियल तोड़कर मशीन का संचालन शुरू किया गया और बताया की मक्के की फसल किसानों के लिए कैश की फसल है रवि सत्र में मक्का किसानों को अधिक पैदावार देगी जिससे अधिक लाभ होगा। आईजीएल के बिजनेस हेड एवं अध्यक्ष यूपीडीए एसके शुक्ल के प्रोजेक्ट में मक्के का उत्पादन उत्तर प्रदेश की सभी आसवनियों के परिक्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है, जिससे पेट्रोलियम के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के परिपेक्ष्य के अन्तर्गत भारत सरकार के मिशन एथेनॉल 20 प्रतिशत ब्लैंडिंग के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके और आसवनियों के परीक्षेत्र के किसानो को सशक्त एवं संमृद्ध बनाया जा सके। कार्यक्रम में कोटेर्वा से अविनाश सिंह, विनोद, पवन, अमिताभ पाण्डेय, मनोज सिंह, यशोवर्धन पाण्डेय, मो शब्बीर एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

# सड़क में बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहे दावत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। हरपुर खजनी मार्ग की स्थित वर्तमान समय में बदतर हो चुकी है। बरसात का समय बीत चुका है। लेकिन लोकनिर्माण विभाग के पास फुर्सत नहीं की सड़कों पर बने गड्ढे की समय से मरम्मत करा सके। वही सूबे के मुखिया ने विभाग के जिम्मेदारों को सख्त हिदायत भी दे चूके है। सभी सड़के गढ्ढा मुक्त होनी चाहिए। लेकिन हरपुर खजनी मार्ग की स्थित वर्तमान समय में बदतर हो चुकी है। देखा जाय तो सड़क में जगह जगह गड्ढे बने हुए। जिसमे राहगीर आए दिन गिर कर चोटिल हो रहे है। शिकायत के बावजूद अभी इस सड़क का मरम्मत नहीं कराया गया। इस संदर्भ में अवर अभियंता महेश ने कहा की सड़कों के मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया। धन अवमुक्त होने पर समय से मरम्मत करा दिया जायेगा।

# पेड़ से टकराई कार, बच्चे की मौत

### 8 लोग घायल, शाहजहांपुर में हादसा, लखीमपुर में शादी समारोह से लौट रहे थे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में बैठे दस साल के बच्चे की मौके पर मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पुलिस ने कार में फंसे घायलों को निकालकर राजकीय मेडिकल कालेज भेजा। जबकि बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कार सवार सभी लोग लखीमपुर में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे, तभी थाना रोजा के पिपरिया गांव के पास यह हादसा हो गया। थाना मिजार्पुर क्षेत्र के थरिया गांव का रहने वाला 10 साल का सहजन परिवार और रिश्तेदारों के साथ लखीमपुर जिले में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से 9 लोग कार में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर कार एक पेड़ से टकरा गई। उसके बाद कार एक नाले में गिर गई। हादसे में सभी लोग कार में फंस गए। हादसे की सूचना पर रोजा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में फंसे सभी को बाहर निकाला गया। इसी दौरान सहजन की मौके पर मौत हो गई। जबकि 8 घायलों को पुलिस ने राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस ने सहजन के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल फैजान, मुस्कान, कुलसुम, शमा प्रवीन, अरमान, अहसन और खुशनुमा का इलाज शुरू कर दिया गया है। थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई थी। सभी शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है जबकि अन्य घायल हैं। घायलों का उपचार चल रहा है। पीड़ितों की ओर से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई (नेट) निपुण दक्षता परीक्षा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर में पंजीकृत सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र/छात्राओं का शैक्षिक गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए गुरुवार को निपुण दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा चार से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों का परीक्षा सम्पन्न हुआ। बुधवार को कक्षा एक से लेकर कक्षा तीन तक के बच्चों की परीक्षा हुई थी। इसी क्रम में पिपरौली ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालेसर में पंजीकृत 116 छात्र/छात्राओं में से 112 छात्र/छात्राओं द्वारा ओएमआर सीट पर नेट (निपुण दक्षता परीक्षा) परीक्षा दिया गया। इस परीक्षा की प्रधानाध्यापक मंजू देवी ने बताया कि विभाग के निदेर्शानुसार बच्चों की सकुशल परीक्षा सम्पन्न करा ली गई। मंजू देवी के अनुसार इस परीक्षा में कुल चार बच्चें अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के माध्यम से निपुण दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा। इस दौरान सरोज सिंह, पूनम त्रिपाठी, संगीता सिंह, कतुबुन्निशा सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# मंदिर की दीवार तोड़ने पर हंगामा

- लखनऊ से टीम आकर करेगी पैमाइश, तब तक निर्माण पर रोक

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर -हापुड़ मार्ग स्थित मंगल विहार कॉलोनी में रास्ता बनाने के लिए मंदिर की दीवार तोड़ने को लेकर हंगामा हो गया। कॉलोनी के लोगों ने हंगामा कर कॉलोनीनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच कराने का आदेश दिए हैं। मोदीनगर- हापुड़ मार्ग पर मंगल विहार स्थित है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी के पीछे एक अन्य कॉलोनी भी काटी जा रही है। आरोप है कि कॉलोनी नाइजर मंगल विहार कॉलोनी से अपनी कॉलोनी के लिए रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि देर रात कॉलोनी मंदिर की दीवार तोड़ दी और मिट्टी डालकर रास्ता बनाने का प्रयास किया। जब इसकी सूचना कॉलोनी के लोगों को पता चला तो वह एकत्र होकर मौके पर पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। देर रात मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। सुबह फिर से कॉलोनी के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और दीवार ढहाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। हंगामा बढ़ने की सूचना पर मौके पर पहुंची उपजिलाधिकारी डॉ.पूजा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी डॉ पूजा गुप्ता ने बताया कि ये जमीन पार्क की है और वहां पर धार्मिक स्थल है। दीवार तोड़ने की भी जांच कराई जाएगी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ से टीम बुलाकर जमीन की पैमाइश की जाएगी। जमीन की पैमाइश न होने तक कोई निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने

रजिस्ट्रेशन कक्ष, ओपीडी कक्ष, पी० एन० सी० कक्ष, ए० एन० सी० कक्ष, ट्रायेज रूम, स्क्रब रूम, नर्स ड्यूटी कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, आयुष्मान भारत कक्ष, प्लास्टर कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, डॉट्स सेंटर, ड्रग स्टोर, एक्सरे रूम, हर्बल गार्डन, प्रसव कक्ष इमरजेंसी, मेडिकल स्टोर में संचालित गतिविधियों को देखा तथा अधीक्षक को निर्देश दिए की मरीज जब रजिस्ट्रेशन कराने आएं उसी के साथ उनकी आभा आईडी भी जनरेट कर दें उसके लिए अलग से विंडो बनाए तथा ओपीडी रजिस्टर में मरीज की आभा आईडी अंकित करें और मरीजों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था कर लें जिससे गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को बैठने में सुविधा हो।

कोल्ड चेन रूम में रखी गई वैक्सीनों को देखा और आई० एल० आर० में वैक्सीन भंडारण की प्रक्रिया को जाना तथा सीएमओ को निर्देश दिए कि समयानुसार सभी मरीजों/गर्भवती महिलाओं/बच्चों का टीकाकरण कराएं तथा प्रतिदिन बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी सुनिश्चित करें। साफ-सफाई व पीने के पानी की व्यवस्था संतोषजनक पाए जाने पर अधीक्षक को आगे भी ऐसी व्यवस्था बनाए रखने को कहा, नर्स ड्यूटी रूम में प्रसव कक्ष रजिस्टर को देखा तथा उनमें अंकित सभी पैरामीटरों की जानकारी ली अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि सभी डिटेल मंत्रा पोर्टल पर फीड किया जाता है।

जिलाधिकारी ने सुनीता नाम की गर्भवती महिला से स्वास्थ्य केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की तथा अधीक्षक को निर्देश दिए की सर्दियों में ब्लोअर व कम्बल की व्यवस्था तत्काल करे। इंजेक्शन कक्ष में आने वाले सभी मरीजों के लिए इंजेक्शन की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि एआरबी , एएसबी, का स्टॉक मेंटेन रखें। आयुष्मान भारत कक्ष में प्रतिदिन बनने वाले आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली और अधीक्षक को निर्देश दिए कि 70 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाएं और सभी गर्भवती महिलाओं की सुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन व अन्य आवश्यक जांच कर रिपोर्ट से ससमय अवगत कराएं। मेडिकल स्टोर में दवाओं की उपलब्धता को देखा और सीएमओ को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि दवाओं की उपलब्धता निर्बाध रूप से बनी रहे। परिसर स्थित हर्बल गार्डन में और औषधीय पौधों को लगवाने के निर्देश अधीक्षक को दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0राजीव नयन गिरी, सीएचसी अधीक्षक डॉङ्कपंकज गुप्ता, चिकित्साधिकारी डॉङ्कके के यादव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने की लेखपाल पर कार्रवाई की मांग

### डीएम बुलंदशहर को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



खुर्जा, खुर्जा भारतीय किसान यूनियन (हलधर) के कार्यकताओं ने मंगलवार को डीएम बुलंदशहर, सीपी सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी लेखपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यकताओं ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। ज्ञापन में किसान यूनियन ने रवि की फसल की बुवाई के लिए डीएपी की प्रचुर आपूर्ति का मुद्दा भी उठाया है। भारतीय किसान यूनियन हलधर के नेता रिजवान चौधरी ने बताया कि पहले भी उन्होंने डीएपी की उपलब्धता को लेकर और लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन जिला प्रशासन से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। संगठन ने बार-बार इस मामले पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं की जाती, तो डीएम बुलंदशहर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने यह भी कहा कि काले आम चौराहे को ट्रैक्टरों और कार्यकर्ताओं से पाट दिया जाएगा। अगर इससे जनमानस को परेशानी होती है, तो इसके लिए जिलाधिकारी जिम्मेदार होंगे। सिटी मजिस्ट्रेट बुलंदशहर को सौंपे गए ज्ञापन की प्रति मंडलायुक्त मेरठ और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजी गई है। ज्ञापन में किसानों के प्रतिनिधि पंकज कुमार, शैलेन्द्र, राजेश आसिफ समेत कई अन्य किसान शामिल थे।

# बागपत में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर मिला शव

- नहीं हो सकी शिनाख्त, वाहन से टकराकर युवक की मौत की जताई जा रही आशंका

अमन लेखनी समाचार



बागपत, बागपत जिले के खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर रटोल कट के समीप एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त में पुलिस को सफलता नहीं मिली है, और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, शव के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे संभावना जताई जा रही है कि युवक किसी अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हुआ और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खेकड़ा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए, लेकिन घंटों की मशक्कत के बावजूद शव की पहचान नहीं हो पाई। कोतवाली प्रभारी कैलाश चंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है, और सभी संभावित पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है, ताकि मृतक के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके

# गाजियाबाद में बंद घर से लाखों की चोरी

### शादी समारोह में शामिल होने मुंबई गया हुआ है परिवार, सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद के मोदीनगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर बदमाश 1.5 लाख रुपए की नकदी व सोने के जेवरात चोरी करके ले गए। परिवार के लोग एक शादी समारोह में शामिल होने मुम्बई गए हुए हैं। पड़ोसियों ने पीड़ित को इसकी सूचना दी इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को फोनकर इसकी सूचना दी है। नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी में रमाकांत शर्मा परिवार सहित रहते हैं। उनके भाई के पुत्र की शादी है। वह परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुम्बई गए हैं। सुबह पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है और अंदर सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा है। इसके बाद रमाकांत शर्मा ने पड़ोसियों से अंदर जाने की बात कही और सेफ चेक करने को कहा। पड़ोसियों ने उन्हें बताया कि सेफ का ताला टूटा पड़ा है और कुछ नहीं। रमाकांत ने बताया कि मकान से बदमाश सेफ में रखे 1.5 लाख रुपए की नकदी व तीन लाख से अधिक के सोने के जेवरात चोरी ले गए। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कैद हो गए है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को फोन पर सूचना दे दी और आने के बाद तहरीर देंगे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना कि तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



एड्स एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) के कारण होती है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाते हैं। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# एड्स: सजगता से ही संभव है बचाव

**अवेयरनेस**


डॉ. गौरव जैन
सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन
धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली





एड्स का वायरस हमारे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है। एचआईवी संक्रमण के बाद शरीर बीमारियों से लड़ने में असमर्थ हो जाता है, जिससे मामूली इंफेक्शन भी जानलेवा बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग 1.3 मिलियन लोग एचआईवी से संक्रमित हुए।

## कैसे होता है संक्रमण

आज भी जागरूकता की कमी के चलते लोगों में यह बीमारी फैल रही है। यह बीमारी मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुइयों का इस्तेमाल, संक्रमित खून चढ़ाने या एचआईवी पॉजिटिव मां से बच्चे को जन्म के दौरान या स्तनपान के जरिए फैलती है। ऐसे में एड्स को लेकर लोगों में जागरूकता होना अत्यंत आवश्यक है।



## एड्स के शरीर पर दुष्प्रभाव

एड्स के कारण हमारे शरीर की सुरक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। जब हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है तो शरीर हर छोटी-मोटी बीमारी से लड़ने लायक नहीं रहता। चाहे वह सामान्य सर्दी-जुकाम हो, फंगल इंफेक्शन हो, निमोनिया हो, त्वचा के रोग हों या फिर कैंसर जैसी बीमारियां हों, ये सभी हमारे शरीर के लिए घातक बन जाती हैं। यही नहीं एड्स, शारीरिक नुकसान तो पहुंचाता ही है, साथ ही यह मानसिक तौर पर और सामाजिक तौर पर भी व्यक्ति को प्रभावित करता है। आज के समय में भी इस बीमारी को समाज में कलंक के रूप में देखा जाता है और संक्रमित व्यक्ति से भेदभाव किया जाता है। समाज में उसे हीन भावना से देखा जाता है। वहीं दूसरी तरफ आर्थिक रूप से भी यह बीमारी रोगी पर बहुत बोझ डालती है क्योंकि इसमें लंबा इलाज और महंगा इलाज होता है।

## जागरूकता-सावधानी आवश्यक

आज भी लोगों में एड्स को लेकर जागरूकता की कमी है। अगर लोग पहले से ही इससे संबंधित जानकारी के साथ, इसके कारण, इसके लक्षण और बचाव के बारे में समझ लें तो इसे काफी हद तक फैलने से रोका जा सकता है। कुछ सावधानियों के बारे में यहां बता रहे हैं-

**सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं:** हमेशा सुरक्षात्मक उपायों जैसे कंडोम का उपयोग करें। यह एचआईवी और अन्य यौन संचारित रोगों से बचाने में मदद करता है।

**संक्रमित सुइयों का उपयोग ना करें:** एक बार इस्तेमाल हो चुकी सुइयों को दोबारा इस्तेमाल ना करें। खासकर दवा लेने के लिए सुई का आदान-प्रदान बिल्कुल ना करें।

**संक्रमित खून की जांच:** खून चढ़ाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि खून एचआईवी-मुक्त है।

**एचआईवी पॉजिटिव मां का इलाज:** गर्भवती महिलाओं को एचआईवी टेस्ट कराना चाहिए, ताकि समय रहते संक्रमण की रोकथाम की जा सके और बच्चे को संक्रमण से बचाया जा सके।

**युवाओं को शिक्षित करें:** स्कूल और कॉलेज स्तर पर एड्स और यौन स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी इस विषय को समझे और इसके प्रति सजग हो।

**सुरक्षित स्वास्थ्य प्रक्रियाएं:** सर्जरी या टैटू बनवाने जैसे कामों में केवल साफ-सुथरे और सुरक्षित उपकरणों का उपयोग करें।

**एचआईवी जांच कराएं:** यदि आपको संदेह हो, तो तुरंत एचआईवी टेस्ट कराएं। जल्दी पता लगने पर इसका प्रभावी इलाज संभव है।

**समाज में जागरूकता बढ़ाएं:** एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों और कलंक को दूर करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

एड्स कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी बीमारी है जिसे जागरूकता और सही जानकारी से रोका जा सकता है। अगर हर कोई अपनी जिम्मेदारी समझे और सुरक्षित जीवनशैली अपनाए, तो हम इस गंभीर बीमारी के प्रसार को रोक सकते हैं। वर्ल्ड एड्स डे हमें यही संदेश देता है कि जानकारी और समझ ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---


**हेल्थ एडवाइस**


रेखा देशराज


वैसे तो सर्दी के मौसम में मिड और ओल्ड एज के लोगों को बीमार होने की आशंका ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ लापरवाहियां बरतने से यंगस्टर्स भी कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। वे कौन सी कॉमन डिजीजेज हैं और उनसे बचने के लिए यंगस्टर्स क्या उपाय कर सकते हैं, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# सर्दियों की कॉमन डिजीजेज यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी







वास्तव में पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि सर्दियों में युवा लोग सर्दी, जुकाम, नजला, गले की खराश, खांसी, त्वचा के रूखेपन और जोड़ों के दर्द आदि समस्याओं से, बूढ़े लोगों से ज्यादा शिकार हो रहे हैं। इसकी कई वजहें हैं। पहले इन वजहों को जानने की बजाय आइए यह जानते हैं कि सर्दियां शुरू होते ही देश के ज्यादातर हिस्सों में रहने वाले युवा इस तरह की किन सात प्रमुख सेहत संबंधी समस्याओं से दो-चार होते हैं और वे इनसे कैसे बच सकते हैं?

## इम्यूनिटी का कमजोर होना

इन दिनों ठंड के कारण युवाओं की गतिविधियों में कमी आ जाती है, साथ ही आलस के कारण उनकी एक्सरसाइज संबंधी एक्टिविटीज में भी कमी हो जाती है, जिस कारण उन्हें कमजोर इम्यूनिटी का शिकार होना पड़ता है। इससे बचने के लिए युवाओं को नियमित रूप से ठंड के मौसम में भी एक्सरसाइज करना चाहिए। शरीर को मौसम के अनुरूप न्यूट्रिशन मुहैय्या कराना चाहिए। ऐसा करने से इस समस्या से बचा जा सकता है। सिलसिलेवार ढंग से इस समस्या से बचने के लिए युवाओं को प्रोटीन, विटामिन और जिंक युक्त भोजन करना चाहिए। दिन में कम से कम एक बार गर्म सूप या तुलसी-अदरक वाली चाय पीनी चाहिए। इनके साथ ही इस मौसम में युवाओं को नियमित रूप से एक्सरसाइज करना नहीं भूलना चाहिए। क्योंकि सर्दियों की शुरुआत में जितने तरह की भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आती हैं, उन सबके पीछे बड़ा कारण एक्सरसाइज ना करना ही होता है।

## सर्दी-जुकाम-गले में खराश



नवंबर के अंत और दिसंबर की शुरुआत में ठंड के बढ़ते ही वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बड़ी वजह मौसम गर्म-ठंडा होने के कारण, कभी गर्म कपड़ों को पहनना और कभी बिल्कुल ना पहनना होता है। पर हां, इसकी तह में सबसे बड़ा कारण कमजोर इम्यूनिटी ही होती है। इससे बचाव का यही तरीका है कि दिन में कई बार गर्म पानी का सेवन करें। अगर गले में खराश महसूस होनी शुरू हुई है, तो तुरंत गर्म पानी से गरारे करें। थोड़ा नमक डाल लें तो यह और भी कारगर होगा। इन दिनों शरीर में विटामिन सी की काफी जरूरत पड़ती है, इसलिए आंवला, संतरा जरूर खाएं। ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें, क्योंकि संक्रमण ऐसी जगहों पर सबसे ज्यादा होता है।

## खांसी-सांस संबंधी परेशानी

शुरुआती सर्दियों में ही इस कदर प्रदूषण बढ़ जाता है कि अस्थमा और एलर्जी बढ़ जाती है। इस कारण धूल और ठंडे वातावरण का सीधा असर फेफड़ों पर पड़ता है। इससे बचाव का आसान तरीका यह है कि मास्क का उपयोग करें। अदरक, शहद का मिश्रण शाम-सुबह लें। घर को साफ रखें और नमी से बचाएं। वायु गुणवत्ता पर भी नजर रखें और अगर यह बहुत खराब हो तो घर से बाहर निकलने में परहेज करें।

## ड्राइ स्किन

सर्दियां शुरू होते ही कम नमी की स्थितियां बन जाती हैं। कई बार सर्दियां शुरू होते ही लोग गर्म पानी में नहाने लगते हैं और फिर ठंडी हवाओं के संपर्क में आ जाते हैं, जिससे त्वचा में नमी खत्म हो जाती है। इससे बचाव का कारगर तरीका यही है कि मॉयश्चराइजर का नियमित इस्तेमाल करें। नहाने के तुरंत बाद, नारियल, बादाम या जो भी तेल आप नियमित लगाते हों, लगाएं। इन दिनों विटामिन ई और ओमेगा 3 से भरपूर भोजन करें और पर्याप्त पानी पीकर त्वचा को हाइड्रेट रखें।

## जोड़ों का दर्द



इस उम्र में आमतौर पर जोड़ों का दर्द उन युवाओं को होता है, जो एथलीट होते हैं या फिजिकल एक्टिविटी में खूब हिस्सेदारी करते हैं। दरअसल, इसकी वजह यह होती है कि ठंड के कारण शरीर का रक्तसंचार धीमा हो जाता है। इसलिए शरीर में पहले से ही मौजूद किसी चोट या पुरानी दर्द की समस्या फिर से उभर आती है। इससे बचाव के लिए लगातार हल्के और नियमित व्यायाम करें। विभिन्न योगासनों के जरिए शरीर को गर्म रखें। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, गर्म पानी से नहाएं, ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त भोजन करें।

## हाइपोथर्मिया

अगर सर्दी के दिनों में विशेषकर शुरुआती ठंड में ज्यादा समय तक ठंड में रहते हैं तो हाइपोथर्मिया या ठंड लगने की शिकायत हो सकती है। इसकी वजह पर्याप्त गर्म कपड़े ना पहनना होता है। इससे बचने का कारगर तरीका यह है कि लेयरिंग वाले कपड़े पहनें, सुबह शाम ही नहीं दोपहर में भी अदरक वाली चाय पीएं। रात को सोते समय हल्दी वाला दूध और जब भी पानी पीएं तो गर्म पानी पीएं। इससे ठंड से पूरी तरह से बचाव हो जाता है। घर में भी ऐसे लोगों को नंगे पैर नहीं चलना चाहिए, जो हाइपोथर्मिया या ठंड लगने का शिकार हों।

अगर इन उपायों को आजमाते हैं तो इन दिनों सर्दी की शुरुआत में युवाओं को होने वाली कई तरह की समस्याओं से काफी हद तक आप बचे रहेंगे। *

### सीजनल डिप्रेशन



हम सब जानते हैं कि सर्दियों में कम से कम उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में धुंध और कोहरा छाया रहता है। यह स्थिति अपने आपमें डिप्रेशन पैदा करती है। इससे बचने का एक ही तरीका है कि सुबह के समय जितना भी समय मिले, सूरज की रोशनी में बिताएं। नियमित व्यायाम करें ताकि मूड बेहतर रहे और अनुशासित ढंग से संतुलित और पौष्टिक आहार लें। इसके अलावा अपनी हॉबीज को समय दें। अपने फ्रेंड्स और रिलेटिव्स से बातें करें, म्यूजिक सुनें। इससे टेंपरेरी डिप्रेशन से बचे रहेंगे।

---

**फिटनेस फंडा**


अंशुल त्रिवेदी


# फिटनेस को लाइफ के लिए बहुत इंपॉर्टेंट मानता हूं

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में जुगल सीतलवाड़ के रोल में अंशुल त्रिवेदी नजर आ रहे हैं। अंशुल एक्टिंग के साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रखते हैं। इसके लिए वे क्या करते हैं, फिटनेस उनके लिए क्या मायने रखती है, यहां अंशुल त्रिवेदी बता रहे हैं अपनी जुबानी।



अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी-फिट रहना मैं बहुत जरूरी मानता हूं। मेरा मानना है कि जीवन पर नियंत्रण पाने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को मजबूत बनाना जरूरी है। कमजोर व्यक्ति अपने मन-जीवन को नियंत्रित नहीं कर सकता है। इसलिए फिट रहना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मैं पूरी तरह मानता हूं कि शारीरिक ताकत से मानसिक संतुलन और जीवन में अनुशासन आता है। यही फिटनेस के प्रति मेरे विजन को डिफाइन करता है।

**स्मार्ट दिखना है जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम और स्मार्ट दिखना तो जरूरी है ही, हेल्दी-फिट-एनर्जेटिक फील करना भी जरूरी है। एक्चुअली मेरा प्रोफेशन ही ऐसा है, जिसमें दोनों ही चीजें समान रूप से जरूरी हैं। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। लेकिन प्रोफेशनल डिमांड की वजह से कभी-कभी मैं लुक्स को अधिक महत्व दे देता हूं।

**डेली डाइट प्लान:** मैं बेसिक डाइट को फॉलो करता हूं। डीप फ्राई फूड्स और जंक फूड से बचता हूं। हालांकि इनका मैं बेहद शौकीन हूं लेकिन हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए इन्हें अवॉयड करता हूं। घर में बना ताजा पौष्टिक, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर खाना मैं खाता हूं। शाम को जल्दी डिनर कर लेता हूं और रात 8 बजे के बाद खाने से परहेज करता हूं। इसके साथ ही डेली कम से कम 12 घंटे की फास्टिंग करने की भी कोशिश करता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मेरा ऐसा कोई वर्कआउट का हार्ड रूल नहीं है। मुझे जब भी समय मिलता है, वर्कआउट करता हूं। इसलिए मैंने 24 घंटे खुलने वाले जिम की मेंबरशिप ली हुई है। सुबह-शाम जब भी टाइम मिलता है, मैं जिम जाकर वर्कआउट कर लेता हूं। मेरा मानना है कि मेंटल फिटनेस, फिजिकल फिटनेस का बेस है और इसी तरह फिजिकल फिटनेस, काफी हद तक मेंटल फिटनेस पर डिपेंड करती है। मैं दोनों पर ध्यान देता हूं। इसके लिए एक्सपर्ट्स से ट्रेनिंग लेना बेहद जरूरी है। मेरे पास ट्रेनर्स और डॉक्टर्स की एक टीम है, जो मेरे न्यूट्रिशन और वर्कआउट प्लान को मैनेज करते हैं।

**मेंटली रहता हूं फिट:** मेरा मानना है कि बचपन से अच्छी परवरिश, हमारी मेंटल हेल्थ का खयाल रखती है। जब बचपन में एक पॉजिटिव माहौल घर-परिवार में मिलता है, तो मेंटल फिटनेस स्वाभाविक रूप से आती है। इससे दिमाग सही सोच के साथ विकसित होता है। मुझे लगता है मेंटल फिटनेस, कोई ऐसी चीज नहीं होती है, जिसे अलग से प्राप्त या मैनेज करना पड़े। यह हमारी लाइफस्टाइल, माहौल और सोच पर डिपेंड करता है। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

---

**घरेलू औषधि**

# स्वास्थ्यरक्षक-रोगनाशक लौंग



लौंग के नाम से गांव शहर के सभी लोग परिचित हैं। हर किसी ने किसी रूप में लौंग का प्रयोग किया होगा। पान वाले से लेकर घर की रसोई तक पाई जाने वाली लौंग में कुदरत ने कई स्वास्थ्यरक्षक गुण भी भर रखे हैं। क्लोव, लवंग, देव कुसुम, श्रीसंज्ञ, श्रीपुष्प, ग्रहणी हर, दिव्यगंध और श्रीप्रसूनक नाम से भी इसे जाना जाता है।

**औषधीय प्रयोग:** लौंग को कई तरह से रोग निवारण के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

- मुंह से या सांस में बदबू आने की समस्या का सामना कर रहे हों तो दो लौंग मुंह में रखकर चूसना हितकर है।
- कुकुरखांसी से पीड़ित को दो लौंग को आग पर भून कर पीस कर शहद में मिलाकर चटाना चाहिए।
- दांत दर्द के लिए जगत विख्यात लौंग के तेल को दर्द वाले दांत पर लगाना लाभकारी है।
- आधा सीसी से पीड़ित व्यक्ति को आराम के लिए पांच ग्राम लौंग को पीसकर पानी में मिलाकर कान के आस-पास लेप लगाना आरामदायक है। लेकिन ध्यान रखें कि यह आंख में ना लगने पाए।
- सर्दी के कारण होने वाले सिरदर्द में आराम के लिए दो लौंग जरा सा अफीम मिलाकर पीसकर ललाट पर लेप लगाने से सिरदर्द में चैन मिलता है।
- छाती और गले में जमे कफ को निकालने के लिए दो चुटकी लौंग का चूर्ण एक कप पानी में उबाल कर चौथाई पानी कर लें फिर ठंडा कर छानकर गुनगुना पीना, बलगम को निकाल कर आराम देगा।
- दो लौंग, एक आकड़े का फूल और एक चुटकी काला नमक मिलाकर पीस कर गोली बना मुंह में रख कर चूसना श्वासं रोग में आरामदायक है। इससे दमा में तो फायदा होगा ही सांस की नली के विकार भी नष्ट होते हैं।
- हैजा होने पर प्यास ज्यादा लगती है, ऐसे में लौंग बहुत मददगार साबित होती है। पांच लौंग लेकर एक लीटर पानी में डालकर उबाल लें। ढंक कर छानकर रख लें। इसमें से दो-दो चम्मच पानी थोड़ी-थोड़ी देर में मरीज के मुंह में डालते रहने से प्यास में आराम मिलेगा। इससे वेचैनी भी काफी कम होगी।
- गर्भवती महिलाओं को होने वाली (वमन) उल्टी की समस्या बहुत परेशान कर देती है। ऐसे में लौंग का चूर्ण एक ग्राम मिश्री की चासनी और अनार के रस में मिला कर देने से तुरंत उल्टी बंद होती है।
- लौंग को पानी में उबाल कर ठंडा कर पिलाना भी लाभकारी है।
- पुरुषों में यौन शक्ति की कमी संबंधी परेशानियों में सहायक है लौंग। इसके लिए लौंग और जायफल को घिसकर नाभि पर लेप लगाना फायदेमंद है।
- पुराने से पुराना घाव भरने में मददगार है लौंग। इसके लिए लौंग और हल्दी को पीस कर लगाना चाहिए।
- किसी वजह से छाती में जलन होने लगे तो दो-चार लौंग को ठंडे पानी में पीसकर मिश्री मिलाकर पीने से छाती की जलन में चैन मिलता है।
- दस्त आने पर एक ग्राम लौंग और तीन ग्राम बहेड़ा को कूट पीस कर काढ़ा बनाएं। इसमें जरा सा सेंधा नमक मिलाकर दिन में दो बार पिलाना लाभकारी है। लौंग के चूर्ण की मात्रा एक से दो ग्राम और इसके तेल की मात्रा एक से तीन या चार बूंदें ही डालें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय उपचार सामान्य हैं। इनका प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

---

# सर्दियों में शरीर को गर्माहट दे उष्ट्रासन

सर्दियों में हमें ऐसी गतिविधियों की जरूरत होती है, जिनसे हमारे शरीर को जरूरी गर्माइश मिलती रहे। उष्ट्रासन इसके लिए सबसे कारगर उपाय है। हालांकि इसे नियमित करने से शरीर को कई और भी फायदे होते हैं। इसकी विधि, फायदों के बारे में जानिए।

**योगोपचार**


दिव्यज्योति 'नंदन'


सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने के कई फायदे होते हैं। उष्ट्रासन से कई और महत्वपूर्ण फायदे हैं, जो सर्दियों में हमारे बहुत काम के होते हैं।

**उष्ट्रासन के फायदे:** सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से फेफड़े खुलते हैं। शरीर को गहरी सांस लेने में सहूलियत होती है। कमर के निचले हिस्सों में सर्दियों में होने वाले दर्द से राहत मिलती है। इसे करने से कूल्हों में लचीलापन आता है। हमारा पॉश्चर सुधरता है। शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। पेल्विक मसल्स को मजबूती मिलती है। सर्दियों में नियमित रूप से उष्ट्रासन करने से थकान दूर होती है, मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द में राहत मिलती है। साथ ही सर्दियों में उष्ट्रासन करने से शरीर में ऊर्जा का नियमित संचार होता है। शरीर लचीला होता है और मांसपेशियों में खून का प्रवाह प्रचुर मात्रा में रहता है। नियमित रूप से उष्ट्रासन करने पर यह हमारे शरीर के रक्तप्रवाह तंत्र को सुचारु बनाता है। इससे सांस लेने के सिस्टम, मांसपेशियों, एंड्रोकाइन और अस्थि पंजर को मजबूत बनाने में मदद मिलती है, इससे डायबिटीज, अस्थमा, थायरॉयड, स्पांडेलाइटिस या ब्रांकाइटिस में राहत मिलती है।



**आसन करने का सही तरीका:** सबसे पहले अपने योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब बाजुओं को धड़ के साथ रखकर अपने घुटनों पर खड़े हो जाएं। इस दौरान घुटनों को एक साथ जोड़कर रखें और पैरों को भी। लेकिन अगर मुश्किल लगे तो जबर्दस्ती बिल्कुल ना करें। अब थोड़ा-थोड़ा पीछे की तरफ झुकना प्रारंभ करें और फिर दाएं हाथ से दाईं एड़ी को और बाएं हाथ से बाईं एड़ी को पकड़ने की कोशिश करें। इस दौरान गर्दन को बिल्कुल ढीला छोड़ देना चाहिए। इस पर जरा सा भी तनाव ना हो। पहले सांस भीतर की ओर खींचें और रीढ़ की निचली हड्डी को आगे की तरफ धकेलने की कोशिश करें। इस दौरान ध्यान दें कि शरीर का पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए यानी नाभि पर खिंचाव का एहसास होना चाहिए। उष्ट्रासन करते समय अपनी कमर को जितना पीछे मोड़ सकें मोड़ें, फिर धीरे से हथेलियों की पकड़ पैरों पर मजबूत बनाएं। इस दौरान आंखें और चेहरा बिल्कुल आसमान की तरफ 90 डिग्री का कोण बना रहे हों। पीठ को धनुष जैसा बनाए रखने के लिए अपनी भुजाओं को कंधों का सहारा दें, जितनी देर तक आराम लगे, उतनी देर तक ही करें। 30 से 60 सेकेंड सही होता है। अंत में धीमी गति से हाथों को एड़ियों से हटाएं और शुरू की स्थिति में लौट आएं।

**रखें ध्यान:** उष्ट्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान में रखना जरूरी होता है। मसलन, यह एक साधारण आसन है, फिर भी इसे 30 से 60 सेकेंड तक ही करें। इसे दोहराएं नहीं। जब आसन कर रहे हों तो ध्यान दें कि निचले पेट, जांघों, गले, टखने, जांघ की मांसपेशियों, गले और सामने के संपूर्ण शरीर पर अच्छी तरह से खिंचाव महसूस हो। अगर आपकी पीठ के निचले हिस्से में किसी भी तरह का दर्द है या कभी चोट लगी है तो उष्ट्रासन बिल्कुल ना करें। अगर थायरॉयड काफी बढ़ा हुआ है, तो भी उष्ट्रासन नहीं करना चाहिए। अनुभवी योगाचार्य से इसे अच्छी तरह सीखने के बाद ही इसका अभ्यास करना चाहिए। *

---

## ईवीएम का भूत

महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया है-ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है । अब विपक्षी राग इतना उग्र हो चुका है कि राहुल गांधी की बैलेट पेपर यात्रा की खबर सुर्खियों में है । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी कहा है कि बैलेट पेपर की वापसी के लिए हमें अब आंदोलन करना चाहिए । यह कांग्रेस की संवैधानिक इच्छा है कि वह ईवीएम बनाम बैलेट पेपर का जनांदोलन शुरू करे, लेकिन भारत के चुनाव आयोग को यूं ही नहीं कोसा जा सकता । चुनाव आयोग की स्थापना संविधान लागू होने से पूर्व ही कर दी गई थी । संविधान और लोकतंत्र की गरिमा और सफलता तभी है, जब देश में स्वतंत्र, निर्भीक, मुक्त और निष्पक्ष चुनाव हों । संविधान सभा में चुनाव आयोग के प्रारूप पर लंबी बहसें हुई थीं ।